
आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ

• वर्ष- 15 अंक 314- • जबलपुर • सोमवार, 20 दिसम्बर, 2021 • मूल्य- 2 रुपए • पृष्ठ-8 • पौष कृष्ण पक्ष-प्रतिपदा • विक्रम संवत् 2078 शके 1935

हर पल रहें
ताजा तरीन खबरों के
साथ लॉगिन करें
WWW.yashbharat.co.in



शेयर मार्केट पर ओमिक्रॉन की नजर

## निवेशकों को चंद मिनटों में 10 लाख करोड़ का नुकसान

**मुंबई।** ओमिक्रॉन आदमी के साथ आमदनी संक्रमित कर रहा है। ओमिक्रॉन का असर शेयर बाजार पर दिख रहा है। सप्ताह के पहले दिन ही शेयर बाजार में कोहराम मच गया। कुछ ही देर में निवेशकों के करोड़ों रुपये डूब गए। एक मिनट के भीतर 10 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है।कोरोना वायरस के नए वैरिएंट ओमिक्रॉन की च्नजरज पैसों पर ही लग गई है। शेयर बाजार पर इसका असर इतना खतरनाक हुआ है कि एक ही झटके में पैसों को पानी में बहा दिया । सोमवार को शेयर बाजार खुलते ही धड़ाम से नीचे जा गिरा। सेंसेक्स में 1000 अंक और निफ्टी में 200 अंकों से ज्यादा गिरावट के साथ ही बाजार पूरी तरह हिल गया। चंद मिनटों के भीतर ही पूरा बाजार धड़ाम से नीचे आ गया। जिससे निवेशकों को भारी नुकसान का सामना करना पड़ा। बाजार खुलने के 10 मिनट के भीतर 10 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हुआ।

### निवेशकों में मायूसी

चंद मिनटों में कई करोड़ रुपये के नुकसान से निवेशकों में मायूसी का माहौल छाया हुआ है। मार्केट एक्सपर्ट्स की मानें तो बाजार में अभी और हाहाकार मचने की आशंका है। क्योंकि यूरोपियों देशों में ओमिक्रॉन का प्रकोप तेजी से बढ़ रहा है। ब्रिटेन, जर्मनी समेत कई यूरोपियन देशों में कोरोना संक्रमण के मामले फिर से हजारों की संख्या में आ रहे हैं। इसका सीधा असर वैश्विक और घरेलू बाजार पर दिखेगा।

### 1400 अंकों तक टूटा सेंसेक्स

शुरुआती आधे घंटे में बाजार को देखें तो सेंसेक्स 1000 अंक से ज्यादा टूट गया। सेंसेक्स 1076.46 अंक यानी 1.89 फीसदी की गिरावट के साथ 55,935.28 पर लाल निशान के साथ कारोबार पर पहुंच गया। वहीं, एनएसई का निफ्टी 322.30 अंक यानी 1.9 फीसदी की कमजोरी के साथ 16,662.90 पर था। सुबह 11:30 बजे के बाद बीएसई सेंसेक्स करीब 1,400 अंकों तक टूटा गया।

# महिला अपराधों को रोकने अब महिला अफसरों को जिम्मा

## कमिश्नर सिस्टम: अब महिला अपराध शाखा नहीं, अब वुमन सेफ्टी ब्रांच कहिए

**भोपाल। महिलाओं के साथ होने वाले अपराधों का ग्राफ कम करने और आरोपियों को सजा दिलाने की जिम्मेदारी अब महिला पुलिस अफसरों की होगी। इसके लिए प्रदेश के चार शहरों में महिलाओं से जुड़े गंभीर अपराधों से लेकर सजा का लेखा-जोखा महिला सुरक्षा शाखा (वुमन सेफ्टी ब्रांच) की महिला एएसपी और डीएसपी के जिम्मे होगा। भोपाल और इंदौर में यह जिम्मेदारी महिला सुरक्षा की एडिशनल डीसीपी एवं एसीपी की होगी।**

दरअसल कमिश्नर सिस्टम में महिला अपराध शाखा का नाम बदलकर वुमन सेफ्टी ब्रांच कर दिया गया है। एनसीआरबी के डाटा अनुसार वर्ष 2020 में प्रदेश महिला अपराधों के मामले में पांचवे नंबर पर था। इसमें सुधार करने के लिए पुलिस मुख्यालय द्वारा भोपाल, इंदौर की महिला सुरक्षा शाखा की एडिशनल डीसीपी सहित ग्वालियर और जबलपुर के एएसपी महिला अपराधों के पदों को स्वीकृत करने के साथ ही इनके कर्तव्य भी बताए हैं। पुलिस मुख्यालय ने निर्देश दिए हैं कि इन्वेस्टिगेशन ट्रैकिंग सिस्टम और सेक्सुअल आफेंस रैंकिंग (आईटीएसएसओ) की मॉनिटरिंग लगातार



करना होगी। इसकी रैंकिंग से आईजी को भी लगातार अपडेट करवाना होगा। अन्य सभी जिलों में महिला सुरक्षा शाखा डीएसपी पदस्थ की गई हैं। इन चारों शहरों में महिला सुरक्षा एएसपी और डीएसपी के हाल ही में पद स्वीकृत किए हैं। इन पदों पर अफसरों को पदस्थ कर दिया गया है। अब इनसे महिला अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए उन्हें कर्तव्य बताए गए हैं।

### डीएसपी महिला सुरक्षा होंगे महिला थानों के नोडल अफसर

डीएसपी महिला सुरक्षा इन जिलों के महिला थाने के नोडल अफसर होंगे। जिले में घटित दुष्कर्म के प्रकरणों के अलावा एसिड अटैक के मामले व अनैतिक देह व्यापार के प्रकरणों का पर्यवेक्षण इन्हें करना होगा। महिला अपराधों की दृष्टि से सुरक्षा ऑडिट कर संवेदनशील स्थलों का पता लगाना और उन्हें सुरक्षित करने के लिए कार्य योजना बनाकर एसपी को प्रस्तुत करने का काम भी डीएसपी का होगा। नाबालिग के अपहरण के मामले में सुनिश्चित करना होगा कि 15 दिन के अंदर प्रभावी कार्रवाई हुई हो।

### एडिशनल डीसीपी और एएसपी की ये रहेंगी जिम्मेदारी...

एएसपी महिला सुरक्षा को अपने जोन के जिलों के महिला थाने और ऊर्जा महिला हेल्प डेस्क का निरीक्षक रोस्टर के अनुसार करना होगा। महिला एवं बालिकाओं संबंधी चिह्नित अपराधों की मॉनिटरिंग करनी होगी। आईटीएसएसओ रैंकिंग को मॉनिटर करते रहना होगा और पुलिस कमिश्नर (सीपी) या आईजी को इससे अवगत करना होगा। ज्यादती के जिन मामलों की विवेचना दो माह में पूर्ण नहीं हो पाई हो, उसकी जानकारी हर माह सीपी या जोनल आईजी को देनी होगी। महिला अपराधों मे हो रही सजा एवं दोषमुक्ति के प्रकरणों की समीक्षा करनी होगी।

## पहले दिन हेलिकाप्टर हादसे में दिवंगतों को श्रद्धांजलि

### मप्र विधानसभा का सत्र कल तक के लिए स्थगित

**भोपाल।** मध्य प्रदेश विधानसभा में पांच दिवसीय शीतकालीन सत्र शुरू हो गया है। पहले दिन सदन में देश के पहले चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ बिपिन रावत और अन्य की हेलीकॉप्टर दुर्घटना में मृत्यु पर श्रद्धांजलि दी गई। साथ ही गांधीवादी और सामाजिक कार्यकर्ता डा. एनएन सुब्बाराव, डा. एनपी मिश्रा, सोपिया, कश्मीर में आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में शहीद हुए जवानों और पूर्व सांसदों और विधान सभा के सदस्यों को श्रद्धांजलि अर्पित करने तत्पश्चात सदन की कार्यवाही मंगलवार तक के लिए स्थगित कर दी गई। शीतकालीन सत्र के दौरान सरकार चालू वित्त वर्ष के लिए दूसरा अनुपूरक (अनुमानित बजट) पेश करेगी। इसके साथ ही मध्य प्रदेश सार्वजनिक और निजी संपत्ति को नुकसान की रोकथाम और नुकसान की वसूली विधेयक-2021 पेश किया जाएगा। सत्ता पक्ष और विपक्ष के सदस्यों द्वारा कुल एक हजार 578 प्रश्न पूछे गए हैं।

### मप्र में ओबीसी के मुद्दे पर गर्माई राजनीति

## भाजपा की कथनी और करनी आ गई सामने : कमलनाथ



**भोपाल।** मध्य प्रदेश विधानसभा में पांच दिवसीय शीतकालीन सत्र शुरू हो गया है। इसके पूर्व विधानसभा परिसर में मीडिया से चर्चा में पूर्व मुख्यमंत्री कमल नाथ ने कहा कि ओबीसी आरक्षण के मुद्दे पर भाजपा की कथनी और करनी सामने आ गई है।



### कांग्रेस की वजह से ही बनी यह स्थिति-भूपेंद्र सिंह

वहीं नगरीय विकास एवं आवास मंत्री भूपेंद्र सिंह ने कहा कि कांग्रेस को स्थगन प्रस्ताव नहीं माफी प्रस्ताव लाना चाहिए। आज जो आरक्षण को लेकर स्थिति बनी है वह कांग्रेस की वजह से ही है।

## मप्र में ठंड के तेवर तीखे



**भोपाल।** बर्फीली हवाएं चलने के कारण राजधानी सहित प्रदेश के अधिकतर जिलों में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। 15 जिले शीत लहर की चपेट में हैं। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक वर्तमान में कोई वेदर सिस्टम के सक्रिय नहीं रहने। आसमान एक दम साफ रहने के साथ ही हवा का रुख उत्तरी बना रहने से राजधानी सहित पूरे मध्यप्रदेश में न्यूनतम तापमान में गिरावट हो रही है। इस तरह की स्थिति अभी तीन दिन तक बनी रह सकती है। इसके बाद हवाओं का रुख बदलने से तापमान में धीरे-धीरे बढ़ोतरी होने लगेगी। मौसम विज्ञान केंद्र के मौसम विज्ञानी पीके साहा ने बताया कि रविवार को राजधानी का अधिकतम तापमान 20.7 डिग्रीसे. दर्ज किया गया। जो सामान्य से छह डिग्रीसे.कम रहा। न्यूनतम तापमान चार डिग्रीसे. रहने और दिन का तापमान सामान्य से सात डिग्रीसे. कम रहने से भोपाल में शीतल दिन रहा। सोमवार को भी शहर में शीतल दिन बना रहने की संभावना है। साथ ही शीतलहर भी रहेगी। मौसम विज्ञान केंद्र के पूर्व वरिष्ठ मौसम विज्ञानी अजय शुक्ला ने बताया कि पड़ोसी राज्य उत्तर प्रदेश, राजस्थान, गुजरात कड़ाके की ठंड की चपेट में हैं। वेदर सिस्टम नहीं रहने से आसमान भी साफ है। हवा का रुख लगातार उत्तरी बना हुआ है।

## महाराष्ट्र में कातिल बंदर सीखचों के अंदर

### 80 पिल्लों को मारने वाले दो बंदरों को फॉरेस्ट डिपार्टमेंट ने पकड़ा, तीन महीने से जारी था आतंक



**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र के बीड में कुत्तों के 80 पिल्लों की हत्या करने वाले दो बंदरों को पकड़ लिया गया है। फॉरेस्ट अफसर सचिन ने इस बारे में जानकारी दी। इससे पहले स्थानीय अधिकारियों ने बताया था कि बंदरों ने तीन महीने में करीब 80 पिल्लों को ऊंचाई से फेंक कर मार डाला था। इस मामले की शुरुआत तब हुई थी जब कुछ वक्त पहले कुत्तों ने बंदर के एक बच्चे को मार दिया था। इसके बाद दो बंदरों ने बदला लेने के लिए कुत्तों के 80 पिल्लों को मार दिया। पिंजरे में बंद बंदरों को देखने के लिए भीड़ लग गई।बीड फॉरेस्ट डिपार्टमेंट ने बताया- कई पिल्लों की हत्या में शामिल 2 बंदरों को आज नागपुर वन विभाग की टीम ने पकड़ लिया है। दोनों बंदरों को नागपुर से लगे जंगल में छोड़ दिया गया। बीड जिले के माजलगांव में बंदरों ने तीन महीने से आतंक मचा रखा था।



पनामा पेपर्स मामले में बच्चन परिवार की मुश्किलें बढ़ीं

# ऐश्वर्या राय आज दिल्ली में ED के सामने होंगी पेश

**नई दिल्ली।** दुनिया के बहुचर्चित पनामा पेपर्स मामले में बच्चन परिवार की मुश्किलें बढ़ गई हैं। आज बॉलीवुड एक्ट्रेस ऐश्वर्या राय की दिल्ली के लोकनायक भवन में श्ष्ठ के सामने पेश होंगी। सूत्रों के मुताबिक श्ष्ठ के अधिकारियों ने सवालों की लिस्ट पहले से ही तैयार कर ली है। दरअसल पनामा पेपर्स मामले में भारत के करीब 500 लोगों के शामिल होने की बात सामने आई थी। इनमें नेता, अभिनेता, खिलाड़ी, बिजनेसमैन हर वर्ग के प्रमुख लोगों के नाम हैं। इन लोगों पर टैक्स की हेराफेरी का आरोप है। जिसको लेकर टैक्स अथॉरिटी जांच में जुटी हैं।पनामा पेपर्स मामले की लंबे समय से जांच चल रही है। E D के अधिकारी देश की कई बड़ी हस्तियों को जांच में शामिल कर चुके हैं। इसी कड़ी में एक महीने पहले अभिषेक बच्चन भी श्ष्ठ कार्यालय में पहुंचे थे। वे कुछ दस्तावेज भी श्ष्ठ अधिकारियों को सौंपे चुके हैं। श्ष्ठ सूत्रों की मानें तो जल्द ही इस मामले में उनके पिता अमिताभ बच्चन को भी ED नोटिस देकर बुलाने वाली है।

### बच्चन परिवार का नाम क्यों?

साल 2016 में ब्रिटेन में पनामा की लॉ फर्म के 1.15 करोड़ टैक्स डॉक्युमेंट लीक हुए थे। इसमें दुनियाभर के बड़े नेताओं, कारोबारियों और बड़ी हस्तियों के नाम सामने आए थे। भारत की बात करें तो करीब 500 लोगों के नाम सामने आए थे। इसमें बच्चन परिवार का नाम भी शामिल है। एक रिपोर्ट के मुताबिक अमिताभ बच्चन को 4 कंपनियों का डायरेक्टर बनाया गया था। इनमें से तीन बहामास में थीं, जबकि एक वर्जिन आइलैंड्स में थी। इन्हें 1993 में बनाया गया। इन कंपनियों की कैपिटल 5 हजार से 50 हजार डॉलर के बीच थी, लेकिन ये कंपनियां उन शिप्स का कारोबार कर रही थीं, जिनकी कीमत करोड़ों में थी। ऐश्वर्या को पहले एक कंपनी का डायरेक्टर बनाया गया था। बाद में उन्हें कंपनी का शेयर होल्डर डिक्लेयर कर दिया गया। कंपनी का नाम अमिक पार्टनर्स प्राइवेट लिमिटेड था। इसका हेडक्वार्टर वर्जिन आइलैंड्स में था। ऐश्वर्या के अलावा पिता के. राय, मां वृंदा राय और भाई आदित्य राय भी कंपनी में उनके पार्टनर थे। यह कंपनी 2005 में बनाई गई। तीन साल बाद, यानी 2008, में कंपनी बंद हो गई थी।

### जल्द ही अमिताभ बच्चन को भी भेजा जा सकता है नोटिस

## बेअदबी नहीं मॉब लिंचिंग जिसे भीड़ ने पीट-पीटकर मारा, वह चोरी करने गया था

**चंडीगढ़।** कपूरथला में भीड़ के हाथों मारा गया युवक बेअदबी नहीं बल्कि चोरी करने आया था। पंजाब पुलिस ने यह खुलासा किया है। कपूरथला के स्स्क्क हरकमलप्रीत सिंह खख ने कहा कि अभी तक की जांच में यही सामने आया है कि युवक चोरी करने आया था। बेअदबी की कोशिश हुई ही नहीं। इसलिए जिन लोगों ने युवक को मारा है, उनके खिलाफ मर्डर का केस दर्ज किया जाएगा।

### बच्चों को गुस्सैल बना रहे ऑनलाइन गेम्स

**जयपुर।** राजस्थान के नागौर में 15 साल के लड़के को ऑनलाइन गेम फ्री फायर की ऐसी लत लगी कि वह परिवार वालों पर ही आक्रामक हो गया। पिता ने मोबाइल देने से इनकार किया तो उन्हें कमरे में बंद कर खूब हंगामा किया। नागौर में ही इस गेम के चक्कर में एक लड़का कर्ज के दलदल में ऐसा धंसा कि उसने पैसों के लिए अपने चचेरे भाई को मौत के घाट उतार दिया। चूरू का नाबालिग तो गेम के चक्कर में सबको भुला बैठा। उसे न परिवार वालों का ख्याल रहा, न अपनी सेहत का। हालत बिगड़ी तो उसे डॉक्टर के पास ले जाया गया। ये तो कुछ उदाहरण भर हैं।








ओमिक्रॉन का बढ़ता खौफ

# डेल्टा से 5-7 गुना तेजी से फैल रहा है ओमिक्रॉन

## भारत में जनवरी के अंत तकबिगड़ सकते हैं हालात

**नई दिल्ली।** कोरोना वायरस का नया म्यूटेशन ओमिक्रॉन सबसे पहले 24 नवंबर को दक्षिण अफ्रीका में मिला था। अब तक ये करीब 100 देशों तक पहुंच चुका है और ड्ढ।ह को डर है कि ये दुनिया के ज्यादातर हिस्सों में मौजूद है। ओमिक्रॉन की दहशत से ब्रिटेन कांप रहा है, फ्रांस डरा हुआ है, नीदरलैंड्स ने सख्त लॉकडाउन लगा दिया है। जर्मनी ने ब्रिटेन से आने वालों के लिए अपने दरवाजे बंद कर दिए हैं। इधर भारत भी नए हालात से निपटने की तैयारी में जुटा है।दुनियाभर के वैज्ञानिक इस वैरिएंट को समझने और रोकने की कोशिशों में जुटे हैं। अभी तक जो पता है उससे ये साफ है कि ओमिक्रॉन डेल्टा से कई गुना तेजी से फैल रहा है। हालांकि वैज्ञानिक मानते हैं कि ये वायरस कम जानलेवा है। वायरस के म्यूटेशन और बदलते रूप को जीनोम सीक्वेंसिंग के जरिए समझा जाता है। केंद्र सरकार ने 38 सरकारी लैबों का नेटवर्क बनाया है, जहां वायरस की जीनोम सीक्वेंसिंग की जाती है। दिल्ली में जीनोम सिक्वेंसिंग लैब इंस्टीट्यूट ऑफ लिवर एंड बाइलरी साइंसेज में की जा रही है।



### देश में ओमिक्रॉन के 151 मरीज

ताजा खबर यह है कि भारत में ओमिक्रोन मरीजों की संख्या 151 पहुंच गई है। सबसे ज्यादा 54 केस महाराष्ट्र में है। इसके बाद दिल्ली (22 केस), राजस्थान (17 केस) और तेलंगाना (20 केस) में सबसे ज्यादा मामले सामने आए हैं। तेलंगाना में तो शनिवार को एक साथ 13 नए केस सामने आए। अब इन राज्यों में पाबंदियां लगाई जा रही हैं। नीचे देखिए देश के किस राज्य में ओमिक्रोन के कितने केस। इस बीच, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के निदेशक डॉ रणदीप गुलेरिया ने ब्रिटेन में ओमिक्रोन के मामलों के तेजी से प्रसार के बीच भारत में भी तैयारी करने की आवश्यकता पर बल दिया। डॉ गुलेरिया ने कहा कि भारत को दुनिया भर में ताजा ओमिक्रोन उछाल की निगरानी करनी चाहिए और किसी भी घटना के लिए तैयार रहना चाहिए इस बीच, जानकारों का कहना है कि ओमिक्रोन के रूप में देश में कोरोना की तीसरी लहर आएगी, लेकिन अच्छी बात यह है कि यह महामारी की पहली या दूसरी लहर जितनी घातक नहीं रहेगी। समाचार एजेंसी ने नेशनल कोविड 19 सुपरमॉडल कमिटी के सदस्यों के हवाले से यह बता कही। इनके मुताबिक, फरवरी तक तीसरी लहर का चरम आ सकता है।

### दुनिया में पहले मरीज की मौत

इससे पहले ब्रिटेन से खबर आई कि यहां ओमिक्रोन से एक मरीज की मौत हो गई है। खुद पीएम बोरिस जॉनसन ने इसकी पुष्टि की। कोरोना के नए वैरिएंट की यह दुनिया में पहली मौत है।

## गुजरात में पाकिस्तानी बोट से पकड़ाई 77 किलो ड्रग्स, कीमत 400 करोड़

**अहमदाबाद।** गुजरात एटीएस और कास्टगार्ड ने बड़ी कामयाबी हासिल करते हुए पाकिस्तान की एक नाव को पकड़ा है, जिसमें भारी मात्रा में ड्रग्स लदी थी। भारतीय सीमा में पकड़ी गई इस नाव से 77 किलो ड्रग्स बरामद हुई है, जिसकी कीमत 400 करोड़ रुपए बताई गई है। नाव पर सवाल 6 लोगों को हिरासत में लिया गया है, जो पाकिस्तानी नागरिक है। आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। गुजरात में डिफेंस पीआरओ ने बताया है कि नाव का नाम अल हुसैनी है। पता लगाया जा रहा है कि यह ड्रग्स कहां सप्लाय की जानी थी।



## मछली ने मगरमच्छ को मारा करंट, हो गई उसकी मौत



**नई दिल्ली।** जंगल में कब क्या हो जाए इस बात का कुछ नहीं पता, शिकारी का खुद भी कई बार शिकार हो जाता है। वैसे क्या आपने कभी इस बारे में सोचा है कि एक मछली मगरमच्छ को मार सकती है। नहीं सोचा होगा, इसका वीडियो भी सामने आया है। इस वीडियो में जैसे ही मगरमच्छ मछली पर अटैक करता है, मछली उसको करंट मार देती है और वो पानी में ही उल्टे होकर गिर जाता है। यानी कि उसकी मौत हो जाती है। पहले बता दें कि यह वीडियो आपको विचलित भी कर सकता है।इस वीडियो में देखा जा सकता है कि जैसे ही मगरमच्छ इलेक्ट्रिक ईल पर हमला करता है, वो उसे करंट मार देती है। जानकारी के लिए बता दें कि इलेक्ट्रिक ईल को मीठे पानी का सबसे जानलेवा जीव कहा जाता है। क्योंकि इसके करंट से खतरनाक दिखने वाले मगरमच्छ की भी मौत हो जाती है। इस वीडियो में आप देख सकते हैं कि कैसे ईल ने मगरमच्छ को करंट मारा और वो मर गया।

## DRDO वैज्ञानिक ने सुसाइड की कोशिश की

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी के रोहिणी कोर्ट में ब्लास्ट के मामले में आरोपी DRDO वैज्ञानिक ने पुलिस कस्टडी में सुसाइड की कोशिश की। पड़ोसी वकील की हत्या की साजिश में अरेस्ट भरत भूषण कटारिया अभी पुलिस की कस्टडी में है। उसे शनिवार को गिरफ्तार किया गया था। देर रात उसने जहरीला पदार्थ खा लिया। पुलिस ने उसे बेहोशी की हालत में वॉशरूम में गिरा पाया। इसके बाद कटारिया को नजदीकी हॉस्पिटल में एडमिट किया गया। वहां से उसे एम्स रेफर कर दिया गया। कटारिया ने 9 दिसंबर को रोहिणी कोर्ट में ब्लास्ट किया था। उसके घर से विस्फोटक बनाने का सामान भी मिला था। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल उससे पूछताछ कर रही है। पुलिस को गुमराह करता रहता है।

## संसद में गतिरोध कायम

### 12 सदस्यों का निलंबन खत्म करने और अजय मिश्रा टेनी की बर्खास्तगी पर अड़ा विपक्ष

**नई दिल्ली।** संसद के शीतकालीन सत्र का यह आखिरी हफ्ता है। अब तक यह पूरा सत्र दो मुद्दों की भेंट चढ़ गया है। पहला - 12 राज्यसभा सदस्यों का निलंबन और दूसरा - केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा टेनी का इस्तीफा। दोनों ही मुद्दों पर विपक्ष ने रोज हंगामा किया और सदन नहीं चलने दिया। सोमवार को भी यही सिलसिला जारी रहा। सरकार ने गतिरोध समाप्त करने के लिए कदम आगे बढ़ाया, लेकिन विपक्ष अड़ा रहा। जैसे ही संसद के दोनों सदनों की कार्रवाई शुरू हुई, विपक्षी हंगामा करने लगे। इससे पहले राज्यसभा में गतिरोध समाप्त करने के लिए संसदीय कार्य मंत्री प्रहलाद जोशी ने सोमवार को उन पांच दलों की बैठक बुलाई, जिनके सांसदों को पिछले महीने पूरे शीतकालीन सत्र के लिए निलंबित कर दिया गया था। कांग्रेस समेत सभी दलों ने इस बैठक में जाने से इन्कार कर दिया।लोकसभा में कांग्रेस के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा, सरकार ने सिर्फ 5 दलों की बैठक बुलाई है। हम चाहते हैं कि सभी विपक्षी दलों की बैठक बुलाई जाए और प्रधानमंत्री भी मौजूद रहें।

# देसी ड्रोन देख उड़ जाएंगे चीन-पाकिस्तान के होश

## 100 किमी दूर से दुश्मनों पर बरसाएंगे बम और मिसाइलें

**नई दिल्ली।** हथियारों से लैस ड्रोन अब भारत में ही तैयार किए जाएंगे। इसके लिए रोडमैप तैयार कर लिया है। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) इसे तीनों सेनाओं के लिए बनाएगा। हालांकि, तात्कालिक जरूरतों के लिए अभी भारत 30 सशस्त्र ड्रोन अमेरिका से खरीदने जा रहा है। रक्षा सूत्रों के अनुसार, अगले दस सालों के भीतर देश में सशस्त्र ड्रोन तैयार कर लिए जाएंगे। डीआरडीओ की कई प्रयोगशालाएं इस पर काम शुरू कर चुकी हैं। इसके तहत डीआरडीओ अपने मौजूद मानवविहीन विमानों को खासकर रुस्तम जी-2 को सशस्त्र ड्रोन के रूप में परिवर्तित करेगा। इसके अलावा नये ड्रोन प्लेटफॉर्म भी विकसित जाएंगे। सशस्त्र ड्रोन दुश्मन पर बम और मिसाइलों से हमले करने में सक्षम होंगे। सशस्त्र ड्रोन को 100 किमी या इससे अधिक दूरी तक हमला करने में सक्षम बनाया जाएगा। सूत्रों ने कहा कि तात्कालिक जरूरतों की पूर्ति के लिए अमेरिका से 30 सशस्त्र प्रीडेटर



ड्रोन खरीदे जाएंगे जिनमें से 10-10 प्रत्येक सैन्य बलों को दिए जाएंगे। इनकी कीमत तीन अरब डॉलर के करीब होने का अनुमान है।

### युद्ध में सशस्त्र ड्रोन का महत्व तेजी से बढ़ रहा

दरअसल, युद्ध में ड्रोन के साथ-साथ सशस्त्र ड्रोन का महत्व तेजी से बढ़ रहा है। पहले ड्रोन निगरानी एवं जासूसी के लिए इस्तेमाल होते थे लेकिन अब हमला करने के लिए भी प्रयुक्त हो रहे हैं। जानकारों का कहना है कि आने वाले समय में तमाम युद्ध ऐसे ही बिना पायलट वाले हथियारों से लैस छोटे विमानों और ड्रोन के जरिये लड़े जाएंगे। हाल में नौसेना प्रमुख आर हरिकुमार ने कहा कि हथियारबंद ड्रोन देश में ही तैयार किए जाएंगे।

### भारत के पास सभी तकनीक मौजूद

रक्षा विशेषज्ञ और डीआरडीओ के पूर्व वैज्ञानिक डॉ. रवि गुप्ता ने कहा कि डीआरडीओ द्वारा विकसित रुस्तम जी अभी भी हथियारों को ले जाने में सक्षम है। इतना ही नहीं भारत के पास ड्रोन में इस्तेमाल होने वाली तमाम तकनीक मौजूद हैं। इनमें से काफी तकनीकों को रुस्तम जी में इस्तेमाल भी किया जा रहा है। इसलिए वह समय दूर नहीं जब देश में सशस्त्र ड्रोन का निर्माण शुरू हो जाएगा।

# हाड़ गलाने वाली सर्दी, मौसम विभाग का अलर्ट







# 7 साल बाद पारा आया 4.8 पर

**जबलपुर, यशभारत। जबलपुर समेत संपूर्ण महाकोशल अंचल में उत्तरी हवाओं के कारण हाड़ गलाने वाली सर्दी पड़ रही है। ठंडी हवाओं से लोगों की रफ्तार मानों थम सी गई है। खेतों में ओस की बूंदे जम गई हैं। यूं तो उत्तर भारत से आ रही बर्फीली हवाओं के कारण पूरे प्रदेश में ठंड पड़ रही है। पर जबलपुर में रविवार सोमवार की दरमियानी रात तीव्र शीतल वाली रही जिसका असर आज सुबह से ही रहा।**

सोमवार सुबह न्यूनतम तापमान में गिरावट से एक नया रिकॉर्ड बना। न्यूनतम तापमान का पिछले सात साल का रिकॉर्ड टूटा। सोमवार सुबह शहर में न्यूनतम तापमान सामान्य से 6 डिग्री कम 4.8 डिग्री दर्ज किया गया। इसके पूर्व वर्ष 2014 में 28 दिसंबर को न्यूनतम तापमान 4.8डिग्री दर्ज किया गया था। जबकि 2019 में 28 दिसंबर को पारा 4.4 रिकार्ड किया गया था। शहर में सुबह दृश्यता 4000 मीटर तक दर्ज की गई। सुबह के समय उत्तरी हवाएं अधिकतम 4 किलोमीटर प्रति घंटा की गति से चल रही हैं। इन बर्फीली हवाओं ने हालत और भी खराब कर दी है। शीत लहर ने रविवार को दिन भर लोगों को कपकपी का एहसास कराया वहीं रात को हाड़ कंपा दिए।ं रविवार को अधिकतम पारा तो 20.4 डिग्री के आसपास रहा। मौसम विभाग के अनुसार पहाड़ों से आ रही बर्फीली हवाओं से अभी दो-तीन दिन तक ठंड के तेवर इसी तरह तीखे बने रहने की संभावना है। इसके बाद एक पश्चिमी विक्षोभ के उत्तर भारत की तरफ बढ़ने से हवाओं के रुख में बदलाव होने के आसार हैं। हवाओं के साथ नमी आने से रात के तापमान में धीरे-धीरे बढ़ोतरी होने लगेगी। इससे ठंड से कुछ राहत मिलने लगेगी। ठंड से बचने लोग गर्म कपड़े पहन कर निकले। कई जगह लोगों ने अलाव का सहारा लिया। मौसम विभाग की माने तो आने वाले दो दिनों तक ठंड के तेवर ऐसे ही रहेंगे। मौसम विभाग ने चेतावनी जारी की है कि जबलपुर सहित संभाग के जिलों में अगले दो दिनों तक शीतलहर चलने की संभावना है इसलिए घर से जरा संभल कर निकले। ठंड सहनीय तो रहेगी वृद्ध, रोगी, गर्भवती माताएं ठंड के संपर्क से बचकर रहे।

### हीटर से कर रहे बचाव

ठण्ड से राहत पाने के लिए लोग तरह-तरह के जतन कर रहे हैं। सोमवार को आसमान साफ रहा लेकिन धूप में इतना दम नहीं था कि वह ठंडी हवाओं से राहत दिला सके। दुकानो और सरकारी दफ्तरों मे लोग हीटर अथवा अलाव के सहारे सर्दी से राहत पाने का प्रयास करते देखे गए।


### बाजारों मे सन्नाटा

पिछले दो दिनों से पड़ रही कड़ाके की ठंड से के चलते बाजार में भी सन्नाटा पसरने लगा है। मौसम वैज्ञानिकों की माने तो आने वाले दो-तीन दिनों मे सर्दी का असर और बढ़ेगा। साथ ही न्यूनतम पारे में गिरावट दर्ज की जाएगी। पाला पडने की आशंका- अब मौसम विभाग ने रात के समय पाला पडने की आशंका भी जाहिर की है, जिसकी वजह से किसानों के चेहरे पर चिंता की लकीरें खिंच गई है। जानकारों का मानना है कि तेज ठण्ड और पाले से गेहूं को तो फायदा होगा परंतु अरहर, मसूर, चने जैसी दलहनी फसलें और मटर, टमाटर, आलू इत्यादि सब्जियों को भारी नुकसान हो सकता है। जिले मे हो अलाव की व्यवस्था- जिले मे ठण्ड के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए अलाव की व्यवस्था जरूरी हो गई है। नागरिकों ने प्रशासन से मुसाफिरों, मजदूरों और गरीब तबके के लोगों के लिये जिला मुख्यालय सहित सभी नगरीय निकायों और ग्राम पंचायतों मे तत्काल अलाव के इंतजाम करने की मांग की है। मौसम विभाग की माने तो आगामी दिनों में शीतलहर चलने से दिन के साथ ही न्यूनतम तापमान में भी दो से चार डिग्री सेल्सियस तक की कमी आने की संभावना है। यानी आने वाले दिनों में कड़ाके की ठंड पड़ सकती है। विदित हो कि दिसंबर माह ठंड के लिए जाना जाता है। सीजन की ठंड अब असर दिखा रही है। हालांकि जोरदार ठंड का सितम दो दिन ही रहेगा। 21 दिसंबर के बाद ठंड का असर कुछ कम हो जाएगा।

### शीतलहर में बरते ये सावधानी

- अधिक समय तक ठंड के संपर्क में रहने से बचे।
- हल्के वजन वाले कई सतहों वाले गर्म ऊनी कपड़े पहने।
- सिर, गर्दन, हाथों को अच्छे से ढंक कर रखे।

**23 दिसंबर तक जमा कर सकते हैं आनलाइन आवेदन**



# 26 को जबलपुरी मटर से बने व्यंजन की प्रतियोगिता का आयोजन

## जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिये ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन, तीन श्रेणी में होगी प्रतियोगिता

जबलपुर। जबलपुरी मटर की ब्राडिंग और मार्केटिंग के उद्देश्य से स्मार्ट सिटी जबलपुर द्वारा आयोजित मटर से बने व्यंजनों की जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिये 23 दिसम्बर तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये गये हैं। जबलपुरी मटर से बने व्यंजन की यह प्रतियोगिता 26 दिसम्बर को दोपहर 12 बजे से होटल कल्चुरी रेसीडेंसी में आयोजित की जायेगी। इस प्रतियोगिता में 18 वर्ष से अधिक आयु के महिला-पुरूष भाग ले सकेंगे। कलेक्टर एवं स्मार्ट सिटी के चेयरमेन कर्मवीर शर्मा के निर्देशानुसार इस प्रतियोगिता का आयोजन ईट स्मार्ट सिटी चैलेंज के अंतर्गत लोकल फॉर वोकल की थीम पर किया जा रहा है। ज्ञात हो कि आत्म निर्भर मध्यप्रदेश की संकल्पना को पूरा करने एक जिला-एक उत्पाद योजना के तहत जबलपुर जिले में मटर की फसल का चयन किया गया है। स्मार्ट सिटी की सीईओ निधि सिंह राजपूत ने बताया कि मटर व्यंजन प्रतियोगिता के माध्यम से जनसामान्य तक मटर के व्यंजनों की ऐसी कई रेसेपी सामने लाने का प्रयास किये जा रहे है जिसे सहजता से घर पर भी बनाया जा सकता है। उन्होंने बताया कि जिला स्तरीय मटर व्यंजन प्रतियोगिता में भाग लेने के इच्छुक व्यक्ति प्रतियोगिता के गूगल फॉर्म को भरकर अपना स्थान सुनिश्चित कर सकते है। प्रतियोगिता के लिए गूगल फॉर्म की लिंक जबलपुर स्मार्ट सिटी की वेबसाइट 222.द्रह्यड्ढद्बड्डद्वड्डह्म्ह्लष्द्बह्लब्.श्ह्द तथा जबलपुर स्मार्ट सिटी फेसबुक, इंस्टाग्राम व ट्विटर पेज से प्राप्त की जा सकती है। किसी तरह की तकनीकी सहायता के लिए मोबाइल नंबर 9993886171 पर सुबह 10-30 से 6-30 के बीच संपर्क किया जा सकता है।

**18 वर्ष से अधिक आयु के महिला-पुरूष हो सकेंगे शामिल**

सीईओ स्मार्ट सिटी के अनुसार मटर व्यंजन प्रतियोगिता तीन श्रेणी में होगी। इसमें मटर से बना नाश्ता (मीठा या नमकीन), मटर की सब्जी एवं मटर का अन्य कोई पकवान (चटनी, सूप आदि) शामिल हैं7 प्रतियोगिता भाग लेने के लिए प्रत्येक प्रतिभागी को पहले गूगल फॉर्म के माध्यम से आवेदन करना होगा। गूगल फॉर्म में प्रत्येक प्रतिभागी को मटर व्यंजन बनाने की विधि, सामग्री एवं मात्रा आदि उल्लेख स्पष्ट रूप से करना होगा। जो भी व्यंजन तैयार किये जायेंगे उसकी मात्रा 5 व्यक्ति के आधार पर की जाएगी, उसकी सामग्री में मटर का हिस्सा 75 प्रतिशत होगा। व्यंजन में केवल ताजे मटर का उपयोग किया जायेगा। जिस व्यंजन का उल्लेख आवेदन में दर्शाया गया हैं वही व्यंजन प्रतियोगिता में शामिल होगा। संस्था का निर्णय अंतिम होगा। श्रीमती राजपूत के अनुसार इस प्रतियोगिता में ऐसे महिला एवं पुरूष प्रतिभागी शामिल होंगे जिनकी उम्र 18 वर्ष से कम ना हो। एक प्रतिभागी एक ही श्रेणी में भाग ले सकता है। जो व्यंजन आवेदन फॉर्म में बताये गए हें उसे तैयार करके 26 दिसम्बर को दोपहर 12 के पहले होटल कलचुरी रेजीडेंसी में उपस्थित होना होगा। प्रतियोगी का परिणाम ज्यूरी के द्वारा घोषित किया जायेगा जबलपुर स्मार्ट सिटी के ईट राइट मैस्कॉट फिट बड्डा के कॉमिक वीडियोस के माध्यम से मटर उत्सव तथा मटर की उपयोगिता के विषय में जानकारी दी जायगी।

## बच्चों के लिए एल्गिन अस्पताल में 12 बिस्तर के पीआइसीयू को मंजूरी

जबलपुर, । कोरोना संक्रमण की संभावित तीसरी लहर के पहले एल्गिन अस्पताल में नवजात शिशुओं के गहन चिकित्सा इकाई की स्थापना की जा रही है। इसके लिए 80 लाख का बजट जारी हो गया है। लोक निर्माण विभाग की तरफ से जल्द काम के लिए निर्माण एजेंसी तय की जानी है। 12 बिस्तर का पीआइसीयू बनाया जाना है। इसके अलावा दूसरे नए वार्ड बनाने के लिए 1.60 करोड़ रुपये मिले हैं। लोक निर्माण विभाग संभाग एक के कार्यपालन अभियंता शिवेंद्र सिंह ने बताया कि एल्गिन अस्पताल में गहन चिकित्सा इकाई के 12 बेड का वार्ड बनाना है। जगह कम है इसलिए अभी अस्पताल प्रबंधन के साथ इस संबंध में चर्चा कर कार्ययोजना बनाई जाएगी। संभव है कि मौजूद इमारत के ऊपरी हिस्से में ही यह वार्ड तैयार किए जाए। इधर एल्गिन अस्पताल के अधीक्षक डा.राजेश खरे ने बताया कि कोरोना को देखते हुए बच्चों के लिए शीघ्र इकाई का निर्माण करने के लिए कहा गया है। अभी तक अस्पताल में पीआइसीयू का निर्माण नहीं हुआ है। ये कोरोना संक्रमित बच्चों के लिए उपयोगी साबित होगा। अभी तक विक्टोरिया अस्पताल और मेडिकल कालेज में पीआइसीयू की सुविधा है।जिला अस्पताल में हाई डिपेंडेंसी यूनिट बन चुकी है। इसके अलावा मेडिकल कालेज में संक्रमित बच्चों को भर्ती करने की बेहतर सुविधा है।

## ईव्हीएम का प्रथम रेण्डमाइजेशन कल

**जबलपुर।** त्रि-स्तरीय पंचायतों के आम निर्वाचन 2021-22 के तहत ईव्हीएम की एफएलसी रेण्डमाइजेशन मंगलवार 21 दिसम्बर को दोपहर 2 बजे कलेक्ट्रेट कार्यालय के राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केन्द्र के कक्ष क्रमांक 83 में किया जायेगा। ईव्हीएम के प्रथम रेण्डमाइजेशन के दौरान मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों व पदाधिकारियों से उपस्थित रहने का आग्रह किया गया है।

## गीत संगीत के साथ अमृत महोत्सव का समापन

# सप्ताह भर चारों निर्माणियों के आयुध उत्पादों में दिखी रुचि

**जबलपुर यशभारत। आजादी के अमृत महोत्सव पर शहर की चारों आयुध निर्माणियों द्वारा आयोजित प्रदर्शनी को देखने के लिए शहर की जनता विशेष रूप से स्कूल कालेज के विद्यार्थियों ने खासी रुचि दिखाई।**



खमरिया मे बम विस्फोटक सामग्री तो जीसीएफ मे गन एवं हथियारों के साथ जी आई एफ और व्हीकल फैक्ट्री के वाहनों को देखने हर आम और खास लोग पहुंचे। इस मौके व्हीकल फैक्ट्री के कम्युनिटी हॉल में आजादी का अमृत महोत्सव का आयोजन भव्यता के साथ संपन्न हुआ ।आयोजन में विशिष्ट अतिथियों में विधायक गण राजनेताओं के साथ मध्य प्रदेश हाई कोर्ट के जज जी एस अहलूवालिया एवीएनएल के डायरेक्टर ऑपरेशन संजय द्विवेदी उप संभागायुक्त श्रीमती बी. सुप्रिया नगर कांग्रेस अध्यक्ष जगत बहादुर सिंह रेलवे के चीफ इंजीनियर सीएमएम से ब्रिगेडियर एवं पुलिस प्रशासन से डिप्टी कमिश्नर सहित अन्य कई हस्तियों ने कार्यक्रम में शिरकत की। स्कूल कॉलेजों में जबलपुर इंजीनियरिंग कॉलेज केंद्रीय विद्यालयों जी एस कॉलेज श्रीराम कॉलेज हितकारिणी कॉलेज इत्यादि से बड़ी संख्या में छात्र छात्राओं ने प्रदर्शनी मेरखे हर उत्पादों में रुचि दिखाई। व्हीकल फैक्ट्री में कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए निर्माणी के कार्यवाहक महाप्रबंधक राजेश कुमार अपर महाप्रबंधक प्रेम चंद्र एवं डीएन वर्मा संयुक्त महाप्रबंधक रामेश्वर मीणा एवं मनोज कुमार मौर्य कार्य प्रबंधक सौरभ अग्रवाल शैलेंद्र सिंह एवं गोलू झारिया कनिष्ठ कार्य प्रबंधक मोहन कुमार साहू रुपेश मिश्रा एवं प्रशांत अहिरवार सहित अन्य कई अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।

## आईटीआई में प्लेसमेंट ड्राइव कल

जबलपुर । शासकीय संभागीय आई.टी.आई. जबलपुर में मंगलवार 21 दिसम्बर को प्रात- 10 बजे से मण्डीदीप (भोपाल), राजकोट (गुजरात) एवं सिकंदराबाद (तेलंगाना) स्थित कंपनियों में रोजगार हेतु एक दिवसीय आईटीआई प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया है। जिसमें वर्ष 2016, 2017, 2018, 2019 एवं 2020 में उत्तीर्ण सभी मैकेनिकल व्यवसाय जैसे- फिटर, टर्नर, मशीनिस्ट, इलेक्ट्रीशियन एवं ऑटोमोबाइल सेक्टर के व्यवसाय से उत्तीर्ण महिला एवं पुरूष प्रशिक्षणार्थी सम्मिलित हो सकते हैं।

## विधायक द्वारा स्नेह नगर कॉलोनी का औचक निरीक्षण



**जबलपुर।** विकास समिति स्नेह नगर के आग्रह पर क्षेत्रिय विधायक विनय सक्सेना ने क्षेत्र में चल रहे स्वच्छता पखवाड़ा के तहत सफाइ कार्यों की व्यवस्था का औचक निरीक्षण किया क्षेत्रिय नागरिकों की मांग प क्षतिग्रस्त सड़कों, पानी की निकासी हेतु टूटी पुलियों का निर्माण अविलम्ब कराने का आश्वासन दिया इस मौके पर समिति अध्यक्ष विनोद दुबे, रवि शर्मा, आर.एस. पाण्डेय, आर.के. जैन, विनोद राय, कमल दीक्षित आदि क्षेत्रिय नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे, विधायक ने पेपर वालमार्ट से कॉलोनी का निरीक्षण प्रारंभ किया कॉलोनी के भ्रमणोपरांत रानी दुर्गावती पार्क पर समाप्त किया।

## संपूर्ण पौष मास में होगा सूर्य महापूजा और सूर्य अर्चन



**जबलपुर।** मां बगलामुखी सिद्ध पीठ शंकराचार्य मठ में संपूर्ण पौष मास में पंचायतन देव भगवान सूर्य नारायण की महापूजा और सूर्य अर्चन ब्रह्मचारी चैतन्यानंद के सानिध्य में संपन्न हो रहा है जो कि प्रतिदिन दोपहर 1-00बजे 3-00 बजे तक होगा ब्रह्मचारी जी ने बताया कि पौष मास अर्थात चांद्र मास अत्यंत पुनीत माना जाता है ज्योतिष शास्त्र में सात प्रकार के मास माने जाते हैं मुहूर्तों के लिए चांद्र मास अत्यंत श्रेष्ठ माना जाता है चांद्र मास में जब सूर्य नारायण धनु राशि में स्थित रहते हैं तब भगवान सूर्य की उपासना की जाती है इस मास में भगवान सूर्य की उपासना करने से व्यक्ति रोग मुक्त हो जाता है बगलामुखी सिद्ध पीठ शंकराचार्य आश्रम में पौष मास में भगवान सूर्य की उपासना महापूजा विगत 20 वर्षों से चल रही है उस परंपरा का निर्वहन परम पूज्य ब्रह्मचारी श्री चैतन्य नंद जी महाराज कर रहे हैं सूर्य अर्चन में उपस्थिति की अपील भरत सिंह यादव ,वी के पटेल ,मधु यादव, मनोज सेन, प्रकाश द्विवेदी आदि ने की है।





## पश्चिम क्षेत्रीय अन्तर विश्वविद्यालय वालीबॉल(पुरुष) प्रतियोगिता

# अमरावती,एम.एल.एस.यू. , उदयपुर, हनुमानगढ अगले दौर में

**जबलपुर। भारतीय विश्वविद्यालय संघ द्वारा शारीरिक शिक्षण विभाग के निर्देषानुसार रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर में खेली जा रही पश्चिम क्षेत्रीय अन्तर विश्वविद्यालयीन वालीबॉल (पुरुष) प्रतियोगिता के पूल ए के मैच श्रीजानकीरमण महाविद्यालय,खेल परिसर चल रहे हैं जिसमें अमरावती,एम.एल.एस.यू. ., उदयपुर, हनुमानगढ ने अपने अपने मुकाबले जीतकर अगले दौर में प्रवेश किया।**

प्रतियोगिता के प्रथम सत्र में मुख्य अतिथि के रुप में अभिषेक यादव,पार्षद एवं अध्यक्षता श्री शरदचंद पालन, अध्यक्ष शासी निकाय ने की। विषिष्ट अतिथि के रुप में महाविद्यालय प्राचार्य, डॉ.अभिजात कृष्ण त्रिपाठी, यू.एस.दुबे, नीरज गुप्ता, डॉ.कौषल दुबे, डॉ.शक्ति सिंह मण्डलोई,राजेष सराफ,कपिल गुप्ता, कमलेष तिवारी उपस्थित रहे। द्वितीय सत्र के मुख्य अतिथि के रुप में शरद जैन पूर्व राज्य मंत्री एवं अध्यक्षता शरदचंद पालन, अध्यक्ष शासी निकाय ने की। विषिष्ट अतिथि के रुप में अमित साहू उपस्थित रहे।तृतीय सत्र के मुख्य अतिथि के रुप में सुशील तिवारी 'इन्दु', विधायक, पनागर विधान सभा क्षेत्र, जबलपुर उपस्थित रहे एवं विषिष्ट अतिथि के रुप में अनीष तिवारी, अमन तिवारी उपस्थित रहे। पूल ए के मैचों में अमरावती वि.वि एम.एल.एस.यू. वि.वि., उदयपुर, यूनिवर्सिटी ऑफ राजस्थान हनुमानगढ वि.वि. ने विजय प्राप्त कर अगले चरण में प्रवेष किया। आज खेले गये समस्त मैचों में रैफरी की भूमिका अषोक नामदेव,जबलपुर, छतर सिंह तोमर,मुरैना, माधुरी शर्मा, जबलपुर, उपदेष तोमर,मुरैना, अरविंद डौगरे,जबलपुर, सोनू पटेल,इटारसी ने निभाई। मंच संचालन डॉ.आनंद सिंह राणा एवं डॉ.कौषल दुबे ने किया।

**रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर में खेली जाएगी**

## अपोलो क्लीनिक का हुआ भव्य शुभारंभ





जबलपुर। मॉडल रोड पर भंवरताल गार्डन के पास स्थित अपोलो क्लीनिक का कल दिन रविवार को भव्य शुभारंभ हुआ। प्रमुख अतिथि विधायक सुशील तिवारी (इंदु ) ने कहा कि केमतानी ग्रुप ने अपोलो क्लीनिक के रूप में शहर को एक बेहतरीन सौगात दी है, इससे शहर में स्वास्थ्य सुविधाएं और बेहतर होंगी। एवं केमतानी ग्रुप को अपोलो क्लीनिक की सफलता हेतु शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में मैं अपोलो क्लीनिक के नेशनल हेड तरुण गुलाटी एवं जोनल हेड जावेद खान भी कार्यक्रम में मौजूद रहे उन्होंने कहा कि यह क्लीनिक अत्याधुनिक सुविधाओं एवं उन्नत तकनीकों से लैस है, इसमें मल्टीस्पेशलिटी ओपीडी सहित एक्स-रे, अल्ट्रासाउंड, सोनोग्राफी, टीएमटी, कार्डियोलॉजी, पैथोलॉजी, ईसीजी, डेंटल, शुगर, सहित अन्य सभी विभागों की सुविधाएं उपलब्ध होंगी। कार्यक्रम में डॉ जितेंद्र जामदार , मेडिकल कॉलेज के कुलपति आर एस शर्मा , एडिशनल एसपी गोपाल खांडेल , डीएसपी दिलीप श्रीवास्तव , पूर्व डीएसपी राजेश तिवारी , पूर्व डीएसपी नरेश शर्मा , समाजसेवी मुरली भतीजा , अर्जुन पुरुषवानी , शमन दासवानी , व्यवसायिक क्षेत्र के गणमान्य नागरिक एवं ब्यूरोक्रेट्स उपस्थित रहे। केमतानी ग्रुप के संचालक महेश केमतानी ने सभी अतिथिगणों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की।

# नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि आज, कलेक्ट्रेट में लगी भीड़

**जबलपुर, यशभारत। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के पहले और दूसरे चरण के लिए नामांकन दाखिल करने का आज अंतिम दिन रहा। जिले की जनपद पंचायतों में आज सुबह से ही नामांकन जमा करने काफी गहमागहमी रही। नाम निर्देशन पत्र जमा करने उम्मीदवारों का मेला लगा रहा। पंच, सरपंच, जनपद पंचायत सदस्य और जिला पंचायत सदस्य के पदों के लिए बड़ी संख्या में उम्मीदवारों ने रिटर्निंग ऑफीसर के समक्ष उपस्थित होकर अपने नामांकन दाखिल किए।**



इसी के बीच अभी भी ओबीसी पिछड़ा वर्ग सीटों पर चुनाव लड़ने उम्मीदवारों के बीच असमंजस की स्थिति बनी रही। इधर उम्मीदवार इस आशा में थे कि नामांकन दाखिल करने की तिथि को बढ़ाया जाएगा लेकिन चुनाव आयोग ने इस पर निर्णय लिया।

### तीर- कमान तराजू लेकर चुनाव लड़ेंगे उम्मीदवार

त्रि–स्तरीय पंचायत चुनाव में उम्मीदवार यदि प्रतीकात्मक तीर–कमान, तराजू, हल, बेलचा, बेलन लेकर वोट मांगने तो आएं तो चौंकिएगा नहीं। क्योंकि चुनावी रणक्षेत्र में उम्मीदवार तीर–कमान, तराजू, हल, बेलचा, बेलन, फावड़ा, कैंची, पंतग, चश्मा, छाता, मशीन, झोपड़ी जैसे प्रतीक चिह्न लेकर चुनाव लड़ने वाले हैं। राज्य निर्वाचन आयोग ने जिला, जनपद पंचायत सदस्य सहित सरपंच और पंच पद के उम्मीदवारों के लिए 120 प्रतीक चिह्न निधाज़्रित हैं। उम्मीदवारों को प्रतीक चिह्न यानी चुनाव चिह्न का आबंटन 23 दिसंबर 2021 को किया जाएगा। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा 96 निधाज़्रित किए गए प्रतीक चिह्नों में जिला पंचायत सदस्य पद के लिए 39, जनपद पंचायत सदस्य के लिए 23, सरपंच के लिए 24 और पंच के लिए 10 चुनाव चिह्न निर्धारित हैं। जबकि चुनाव मैदान में उम्मीदवारों की संख्या अधिक होने पर अतिरिक्त 24 चिह्न रखे गए हैं।

### दो चरणों में होगा मतदान

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के तहत जबलपुर जिले की करीब 513 पंचायतों में दो चरणों में चुनाव होंगे। राज्य निवाज़्चन आयोग की अधिसूचना के अनुसार प्रथम चरण का चुनाव छह जनवरी 2022 व द्वितीय चरण में 28 जनवरी 2022 को सुबह 7 से अपरान्ह तीन बजे तक मतदान होगा। फिर मतगणना का काम होगा। जबलपुर के सभी सात विकासखंडों में इन्हीं तिथियों में चुनाव होंगे।

**प्रथम चरण का चुनाव**
विकासखंड-सिहोरा, कुंडम, पनागर, जबलपुर (बरगी)

**द्वितीय चरण का चुनाव**
विकासखंड- मझौली, पाटन एवं शहपुरा

# 3 वर्ष पहले बिछड़े बालक की हुई घर वापसी

जबलपुर। बाल कल्याण समिति जबलपुर के अथक प्रयासों से घर से पलायन कर जबलपुर आये एक 10 वर्षीय बालक की तीन वर्ष बाद घर वापसी संभव हो सकी। बालक को परिजनों से मिलवाने में जहां बाल कल्याण समिति द्वारा पिछले तीन वर्षों से लगातार प्रयास किये जा रहे थे, वहीं बालक की घर वापसी में आधार कार्ड सबसे ज्यादा सहायक साबित हुआ। आधार कार्ड के कारण उसके परिजनों की पहचान हो सकीं। बाल कल्याण समिति जबलपुर द्वारा घर से बिछड़े इस बालक का आधार कार्ड बनवाने के लिये लंबे समय से कोशिशें की जा रही थी।




### आधार कार्ड से हुई परिजनों की पहचान

जिला बाल संरक्षण अधिकारी तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास एम.एल. मेहरा के अनुसार बालक रामकुमार (परिवर्तित नाम) जुलाई 2018 में अपने घर से पलायन कर ट्रेन से चेन्नई पहुंच गया था। बाल कल्याण समिति चेन्नई के माध्यम से वर्ष 2019 में उसे बालगृह जबलपुर लाया गया। बालगृह में प्रवेश के समय उसकी उम्र आठ वर्ष की थी तथा वो अपने घर का पता भी ठीक से नहीं बता पा रहा था। श्री मेहरा ने बताया कि बालगृह में आते से ही इस बालक के परिजनों की खोज–बीन प्रारंभ कर दी गई। बाल कल्याण समिति जबलपुर द्वारा विशेष किशोर पुलिस ईकाई एवं चाइल्ड हेल्प लाइन के सहयोग से उसका घर ढूंढ़ने के काफी प्रयास किये गये। इस बीच बाल कल्याण समिति द्वारा इस बालक का आधार कार्ड बनाने की कोशिशें भी जारी रही। बालक का पूर्व में आधार रजिस्ट्रेशन हो चुका था। लेकिन तकनीकी खामियों की वजह से आधार कार्ड नहीं बन पा रहा था। आखिरकार काफी प्रयासों के बाद गत माह बायोमेट्रिक का मिलान हो जाने पर उसका आधार कार्ड बन सका। आधार कार्ड में प्राप्त जानकारी के आधार पर पता चला कि घर से पलायन कर जबलपुर पहुंचा यह बालक जम्मू–कश्मीर के सांबा जिले के ग्राम डोलिया का है। जिला बाल संरक्षण अधिकारी ने बताया कि आधार कार्ड से मिली महत्वपूर्ण जानकारी के आधार पर सांबा जिले की बाल कल्याण समिति से संपर्क किया गया तथा उसके परिवार को खोज निकाला गया। श्री मेहरा के अनुसार घर और परिजनों के बारे में जानकारी मिलने पर जबलपुर और सांबा जिले के बाल कल्याण समिति द्वारा वीडियो कॉल से बालक की उसकी मां से बात कराई गई। वीडियो कॉल के माध्यम से हुई इस बातचीत में बालक ने अपनी मां को पहचान लिया। मां से बात करने के बाद बालक की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। श्री मेहरा ने बताया कि जिला बाल कल्याण समिति जबलपुर और जिला बाल कल्याण समिति द्वारा पुष्टि कर लिये जाने के बाद बालक के परिजनों को जबलपुर बुलाया गया। बच्चे को लेने इसकी मां खुद जबलपुर आई थीं। उनके साथ बालक की बहन और जीजा भी उसे लेने जबलपुर पहुंचे। तीन साल से बिछड़े अपने बच्चे को पाकर मां की खुशी से आंसू निकल आये। बेटे और मां के मिलन का यह दृश्य भावुक करने वाला था। शुक्रवार 17 दिसम्बर को बालक को उसके परिवार के सुपुर्द कर दिया गया। इस तरह तीन वर्ष पहले घर से बिछड़े एक बच्चे की जिला बाल कल्याण समिति जबलपुर और सांबा के प्रयासों से घर वापसी हो सकीं।

# मप्र के महाधिवक्ता प्रशांत सिंह का स्वागत



**एसपी, एएससपी सहित शुभम् व विवेक को उत्कृष्ट कार्यों के लिए किया गया सम्मानित**

**जबलपुर।** श्रमजीवी पत्रकार परिषद मध्यप्रदेश के तत्वावधान में 19 दिसंबर दिन रविवार को जबलपुर स्थित होटल अग्रोहा, अहिंसा चौक,विजयनगर में दोपहर एक बजे मध्यप्रदेश के महाधिवक्ता प्रशांत सिंह का सम्मान समारोह आयोजित किया गया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता सुप्रसिद्ध शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रदीप दुबे ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में ज्वाय स्कूल के संचालक अखिलेश मेबिन रहे। कार्यक्रम में पुलिस कप्तान सिद्धार्थ बहुगुणा एवं एएसपी रोहित काशवानी को प्रतीकचिन्हे देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में युवा प्रकोष्ठ के संभागीय अध्यक्ष शुभम् शुक्ला और जबलपुर जिला अध्यक्ष विवेक यादव को कारोना काल में पत्रकारों के हितों में कई कार्य किए जाने पर महाधिवक्ता प्रशांत सिंह द्वारा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। परिषद के संयोजक नलिनकान्त बाजपेयी, राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष परमानंद तिवारी, कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष गंगाचरण मिश्रा, प्रदेश महासचिव किशोर राय, प्रतुल श्रीवास्तव व वरिष्ठ पदाधिकारी चेतन्य भट्ट, गिरीश पांडे, देवशंकर अवस्थी, महेंद्र दुबे की गरिमामयी उपस्थिति में आयोजित हुआ। इस कार्यक्रम में संस्कृतिक प्रकोष्ठ के शिव कुमार तिवारी, संभागीय अध्यक्ष राजेश दुबे, अनुशासन समिति के अध्यक्ष मयंक तिवारी, एसपी गौस्वामी, संजय परोहा, महासचिव राजीव उपाध्याय, युवा प्रकोष्ठ के संभागीय अध्यक्ष शुभम् शुक्ला, महासचिव सुधीर खरे, प्रवक्ता सत्यजीत यादव, जिला अध्यक्ष विवेक यादव, महासचिव सीएस शर्मा, अविनाश दीक्षित, नवनीत दुबे, शिव चौरसिया, अभिषेक सोनी, विवेक तिवारी, कपिल खनेजा, फतेह सिंह, अजहर खान, मनोज प्यासी सहित इन्दौर, भोपाल, मण्डला, नरसिंहपुर, दमोह जैसे अन्य जगाहों से लगभग समस्त परिषद सदस्य मौजूद रहे। कार्यक्रम के उपरांत कोविडकॉल में दिवांगत हुए सभी लोगों के लिए दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में सीएसपी गढ़ा तुषार सिंह, माढ़ोताल टीआई रीना पाण्डेय शर्मा, विजय नगर टीआई सोमा मलिक भी शामिल रहे।

# जीआईएफ में आई मशीनों का बिना निरीक्षण भुगतान

### कर्मचारियों के लिए पैसों की तंगी बाकी के लिए दरियादिली



**जबलपुर यशभारत।** आयुध निर्माणियों के निगमीकरण को लेकर फेडरेशनो द्वारा विरोध और जो आशंकाएं व्यक की जा रही थी कि इससे कर्मचारियों का शोषण और नुकसान होगा वहीं आपूर्तिकर्ताओं और ठेकेदारों को लाभ मिलेगा उसकी झलक यंत्र इंडिया लिमिटेड के तहत आने वाली जी आई एफ में शुरुआती दौर में ही दिखाई देने लगी है ।जहां एक कंपनी से करार के तहत दो सी एन सी मशीनें खरीदी गई ।लेकिन मशीनें जी आई एफ गेट पर पंहुची नहीं कि ऊपर से आदेश आते ही उनका भुगतान कर दिया गया ।इसको लेकर कर्मचारी आश्चर्य जता रहे हैं कि कर्मचारियों के विभिन्न छोटे छोटे भुगतान महिनों से रुके पड़े हैं। कर्मचारियों का कहना है कि वर्तमान में वे डीम्ड डेपुटेशन मे है ।आयुध निदेशालय के भी आदेश हैं कि पूर्व की तरह उनकी सुविधाएं भुगतान जारी रहना है ।उसमें कोई कटौती नहीं की जाए ।लेकिन सीधा उदाहरण है एन पी एस का नियोक्ता अपने हिस्से का अंश दान अब तक नहीं कर सका है ।इसी तरह कर्मचारियों को बीमारी मे90 फीसदी अग्रिम इलाज के लिए मिलना चाहिए लेकिन मात्र10हजार रुपये ही दिये जा रहे हैं ।इसी तरह कर्मचारियों को एटी सी एडवांस और अंतिम भुगतान नहीं हो रहा है ।बताया जाता है कि हाल ही में निर्माणी मे दो मशीनें गेट पर आई हैं लेकिन ऊपर से उनका सवा करोड़ रुपये के भुगतान के आदेश दे दिये ।जबकि नियम के अनुसार मशीन को पैकिंग से निकलने के बाद सूची के अनुसार उसके सभी पुर्जे और उपकरणों का मिलान किया जाता है ।इसके बाद मशीन स्थापित कर निरीक्षण और उससे उत्पादन के बाद रिपोर्ट क्लीयर होने के बाद ही कंपनी को पूरा पैसा दिया जाना चाहिए ।13अक्टूबर के पहले डिफेंस एकाउंट पूरी प्रक्रिया होने के बाद ही भुगतान के आदेश जारी करता था ।लेकिन निगम बनने के बाद अब निर्माणी का अपना एकाउंट विभाग अपने हिसाब से चल रहा है ।जहां कर्मचारियों के छोटे छोटे भुगतान पूरी खानापूर्ति के बाद भी रोक दिये जा रहे हैं ।वहीं कंपनियों और ठेकेदारों के भुगतान समयानुसार किया जा रहा है ।इस संबंध में जब जी आई एफ के पी आर ओ से संपर्क का प्रयास किया गया तो पहली बार उन्होंने मोबाइल नहीं उठाया ।दूसरी बार उनका मोबाइल बंद बता रहा है।

# पमरे में 1.7 मेगावॉट क्षमता का बीना सोलर पॉवर प्लांट

जबलपुर यश भारत( भारतीय रेलवे में अप्रयुक्त खाली रेलवे भूमि पर सौर ऊर्जा परियोजनाओं की स्थापना की योजना बनाई है। राज्यवार अप्रयुक्त खाली रेलवे भूमि पर सौर बिजली परियोजनाओं की स्थापना के लिए कार्यवाही की गई है जिसका विवरण इस प्रकार है –1) छत्तीसगढ़ – भिलाई में 50 मेगावॉट सौर ऊर्जा प्लांट। 2) उत्तरप्रदेश – मॉर्डन कोच फैक्टरी, रायबरेली में 3 मेगावॉट सौर ऊर्जा प्लांट। 3) हरियाणा – दीवाना (पानीपत) में 2 मेगावॉट सौर ऊर्जा प्लांट। 4) मध्यप्रदेश – बीना में 1.7 मेगावॉट सौर ऊर्जा प्लांट। 5) महाराष्ट्र – बूटीबोरी (नागपुर) में 15 मेगावॉट सौर ऊर्जा प्लांट। पश्चिम मध्य रेल में भोपाल मण्डल के बीना स्टेशन के सपीप रेलवे की खाली भूमि पर बीएचईएल के सहयोग से 1.7 मेगावॉट क्षमता का सोलर पॉवर प्लांट स्थापित किया गया है। यह सोलर प्लांट भारतीय रेलवे का सर्वप्रथम प्लांट है, जिससे सौर ऊर्जा से ट्रैक्शन पॉवर में सीधे फीड किया जा रहा है। इस सोलर पावर प्लांट का टेक्निकल विवरण इस प्रकार है ।1) 1.7 मेगावॉट सोलर पॉटर प्लांट की क्षमता में 5800 सोलर मॉड्यूल है। 2) 1015 पाइल फाउंडेशन का उपयोग करके मॉड्यूल माउंटिंग स्ट्रक्चर के 145 सेट पर माउन्ट किया गया है। 3) 400 वोल्ट एल्टरनेटिव करेंट (एसी) को स्टेपप कर 25 किवी एसी में दो ट्रैक्शन ट्रांसफार्मर के द्वारा फीड किया जाता है। 4) अंडर ग्राउंड ट्रांसमिशन केबल के द्वारा 25 किवी एसी ट्रैक्शन सप सेशन और ओएचई में सप्लाई करती है।

# 22 फरवरी को रवाना होगी श्री रामायण यात्रा भारत दर्शन पर्यटक ट्रेन

**जबलपुर यश भारत।** इंडियन रेलवे कैटरिंग एण्ड टूरि?म कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आई.आर.सी.टी.सी.) ने भारत दर्शन ट्रेनों का संचालन पूरे देश में शुरू कर दिया है। इसी क्रम में मध्यप्रदेश के तीर्थ यात्रियों के लिए आई.आर.सी.टी.सी. 22.02.2022 को पश्चिम मध्य रेल के विभिन्न स्टेशनों से भारत दर्शन विशेष पर्यटन ट्रेन श्री रामायण यात्रा के लिए रवाना करेगा। *यह ट्रेन साबरमती, वडोदरा, गोधरा, मेघनगर, रतलाम, नागदा, उज्जैन, सीहोर, संत हिरदाराम नगर, विदिशा, गंजबासोदा, बीना, ललितपुर एवं झांसी स्टेशनों से होते हुए जाएगी, जहॉ से यात्री इस ट्रेन पर सवार हो सकेंगें। 17 दिनों की इस यात्रा में अयोध्या, नंदीग्राम, जनकपुर, सीतामनी, वाराणसी, प्रयाग, श्रंगवेरपुर, चित्रकूट, नासिक, हम्पी एवं रामेश्वरम के मंदिरों का दर्शन कराया जायेगा। इसके लिए यात्रियों को महज रू.16,065/– (स्लीपर श्रेणी) प्रति व्यक्ति का खर्च उठाना होगा।

# विट्ठल महाराज श्री का आगमन



**जबलपुर।** श्री श्री किंकर विट्ठल रामानुज महाराज श्री का आगमन कल मंगलवार को हो रहा है। वे सुबह 10 बजे अपने शिष्य शशिकांत उपाध्याय न्यू कंचनपुर आधारताल में दीक्षादान एवं नाम संकीर्तन कार्यक्रम में शामिल होंगे। शाम 6 बजे समन्वय सेवा केंद्र छोटी लाइन फाटक में प्रवचन देंगे। महाराज श्री का आगमन वर्ष 2012 के बाद संस्कारधानी में हो रहा है। उक्ताशय की जानकारी प्रेस कांफ्रेस में उनके शिष्य डॉ. रवीन्द्र हर्णे, शशिकांत उपाध्याय ने दी। आयोजक शिष्य मंडल के देवेश व दीप मुखर्जी ने बताया कि बुधवार को पत्रकार कॉलोनी तथा गुरुवार को सुबह 10 बजे कौशल्या एक्सोटिया कचनार सिटी के पास दीक्षादान एवं संकीर्तन कार्यक्रम होगा।

# नार्मदीय ब्राह्मण समाज की विशेष वार्षिक आमसभा एवं सराहना समारोह

**जबलपुर** ।नार्मदीय ब्राह्मण समाज की विशेष वार्षिक आमसभा एवं सराहना समारोह हितकारणी नर्सिंग महाविद्यालय के सभागार में अनिल अनिल शर्मा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिल भारतीय नार्मदीय ब्राह्मण महासभा अध्यक्ष के मुख्यआतिथ्य में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता रमेश नारायण बिल्लोरे ने की ।इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में महेंद्र शुक्ला ब्राह्मण महासभा महासभा एवं अध्यक्ष हेगड़ेवार न्यास 8 तथा महिला महासभा अध्यक्ष श्रीमती सरिता पारे(भोपाल) युवा महासभा अध्यक्ष श्री शिवम पगारे सनावाद, जिला खरगौन एवं श्री विजय चौरे (महाप्रबंधक टाटा इलैक्ट्रिकल्स, मुंबई ) थे । इस अवसर पर सर्वप्रथम अतिथियों का सत्कार एवं सम्मान संस्था के अध्यक्ष योगेश चंद्र उपरित, उपाध्यक्ष सतीश बिल्लोरे, सचिव संजय पारे श्रीमती शशिबाला पारे महिला अध्यक्ष जबलपुर इकाई आनंद पारे, प्रोफ़ेसर इंजीनियर सौरभ पारे, अमित पारे, आदि ने किया। अतिथियों द्वारा समाज के वरिष्ठ नागरिक काशीनाथ बिल्लोरे राधेश्याम पारे , श्रीमती चित्रा शर्मा उमेश नारायण बिल्लोरे, प्रकाश चंद्र साकल्ले, सहित समस्त वयोवृद्ध जन को सम्मानित किया गया। नार्मदीय ब्राह्मण समाज जबलपुर ने लगभग 1.5 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले संस्कार केंद्र की स्थापना का संकल्प लिया है तथा जिसका कार्य 75न्न पूर्ण हो चुका है शेष 25न्न कार्य की पूर्ति के लिए समाज की महिला युवा एवं संपूर्ण महासभा द्वारा हर संभव मदद मुहैया कराई जाएगी।



नवगठित कार्यकारिणी

**संरक्षक** = – काशीनाथ बिल्लोरे, मनोहरलाल जोशी, उमेश नारायण बिल्लोरे, चन्द्र शेखर पारे, प्रकाश साकल्ले, राधेश्याम पारे, महेन्द्र परसाई , श्रीमती शांता बाई पाराशर, श्रीमती चित्रा शर्मा , अध्यक्ष प्रोफेसर योगेश उपरीत, उपाध्यक्ष सतीश बिल्लोरे,सचिव संजय पारे, संयुक्त सचिव– अरुण टेमले, एवं विनोद पारे, कोशाध्यक्ष श्री योगेश चांदरायन, सह–कोशाध्यक्ष मनोज काशिव, सांस्कृतिक सचिव– सुनील पारे, सचिन बिल्लोरे, संचार एवं सूचना प्रकाशन अमित पारे संतोष बिल्लोरे, साहित्यिक सचिव श्रीमती सुनीता परसाई श्रीमती सुरेखा चंद्रायन, सहसचिव ङ्क डा दीप्ति पारे , धार्मिक आध्यात्मिक समिति– शैलेंद्र पारे , श्री मुकेश चौरे, श्रीमती रेखा टेमले , श्रीमती ज्योति पारे, पंडित गौरव पाराशर।

# छात्रों का धरना प्रदर्शन जारी

**जबलपुर,यशभारत।** शहर में एक ओर शीतलहर का कहर लोगों को झांगझोड रहा है वही दूसरी ओर मेडिकल के छात्र अपनी मांगों को लेकर जिद पर अड़े हुए है। लगातार तीसरे दिन भी उनकी उनकी मांगों को नजरअंदाज किया जा रहा है। बढ़ती ठंड से धरना प्रदर्शन कर रहे छात्रों के स्वास्थ्य पर अगर गहरा असर पडता है तो आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय उसका जिम्मेदार होगा। पूरे प्रदेश से एकत्रित हुए मेडिकल के छात्र अपनी मांगों को मनवाने के लिए उनके प्रयास निरंतर जारी है। वहीं विश्वविद्यालय प्रबंधन ने छात्रों के उग्र धरना प्रदर्शन को देखते हुए पुलिस बल की तैनाती की ।लगातार तीसरे दिन अपनी मांगों की अनदेखी से आक्रोशित मध्यप्रदेश आयुर्विज्ञान के छात्रों ने एकत्रित होकर प्रवंधन के खिलाफ अपने प्रदर्शन को उग्र रूप दे दिया है। छात्रों की उग्रता को देखते हुए विश्वविद्यालय प्रवंधन ने पुलिस बुलाकर तैनाती कर दी है। छात्रों का कहना है जब तक हमारी मांगों को स्वीकार नही किया जाता तब तक हमारा धरना प्रदर्शन जारी रहेगा और हम लोग आत्मदाह भी करने पर मजबूर हो सकते है । अपनी मांगों के लिए हम लोगों ने अखण्ड ज्योति भी प्रज्जवलित की है जब तक मांगों को स्वीकार नही किया जाता तब तक अखण्ड ज्योति जलती रहेगा और अगर छात्रों के ऊपर कोई परेशानी आती है तो उसका जिम्मेदार विश्वविद्यालय,एमपीएसयू,और मध्यप्रदेश शासन होगा। सभी छात्रों की प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी निरंतर जारी है।

# अपना कंबल तकिया साथ लेकर चलें रेल यात्री

**जबलपुर यश भारत।** ठंड को देखते हुए इन दिनों रेल में सफर करने में यात्रियों को ज्यादा सावधानी बरतनी पड़ रही है,तापमान में कमी के कारण रात में रेल के सफर में ठंड से यात्री परेशान हैं। कोरोना के पूर्व ट्रेन के एसी कोचों में यात्रियों को बेडरोल मिला करता था जिसके कारण लोग सर्दी से बचाव में उपयोगी कंबल का उपयोग करते थे लेकिन इन दिनों कोविड–19 के चलते ट्रेनों में बेडशीट और कंबल देने की प्रथा बंद हो गई है जिसके कारण ट्रेन में सफर करने वाले यात्रियों को स्वयं का बेडरोल ले जाना पड़ रहा है रेल प्रशासन ने भी यात्रियों से अनुरोध किया है कि वे रेलवे में सफर करते समय ठंड को देखते हुए अपने साथ जाड़े से बचाव के लिए सभी आवश्यक कपड़े एवं ओड़ने की व्यवस्था स्वयं लेकर चलें जिससे कि उन्हें सफर के दौरान किसी तरह की असुविधा का सामना ना करना पड़े।

## लोह पुरुष सरदार पटेल की पुण्यतिथि

# कांग्रेस ने दी श्रद्धांजलि

**जबलपुर** । शहर कांग्रेस कार्यालय बल्देवबाग में देश के प्रथम उप प्रधानमंत्री गृहमंत्री सरदार बल्लभ भाई पटेल की पुण्यतिथि पर पुष्पांजलि कर श्रद्धांजलि दी गई। नवनियुक्त नगर कांग्रेस अध्यक्ष जगत बहादुर सिंह की अध्यक्षता में संगोष्ठी की गई ।कांग्रेसी नेताओं ने सरदार पटेल के जीवन परिचय में बताया कि वे स्वतंत्रता संग्राम सेनानी रहे हैं। गांधीजी नेहरू जी के साथ 565 जवानों को एक भारत बनाने में उनका अहम रोल रहा इसीलिए हमने लौह पुरुष के नाम पर जानते हैं, सरदार पटेल ने माहात्मा गांधी से प्रेरित होकर स्वतंत्रता आंदोलन में भाग लिया था। सरदार पटेल द्वारा इस लड़ाई में अपना पहला योगदान खेड़ा संघर्ष में दिया गया, जब खेड़ा क्षेत्र सूखे की चपेट में था और वहां के किसानों ने अंग्रेज सरकार से कर में छूट देने की मांग की। जब अंग्रेज सरकार ने इस मांग को स्वीकार नहीं किया, तो सरदार पटेल, महात्मा गांधी और अन्य लोगों ने किसानों का नेतृत्व किया और उन्हें कर न देने के लिए प्ररित किया। अंत में सरकार को झुकना पड़ा और किसानों को कर में राहत दे दी गई। सरदार पटेल को सरदार नाम, बारडोली सत्याग्रह के बाद मिला, जब बारडोली कस्बे में सशक्त सत्याग्रह करने के लिए उन्हें पहले बारडोली का सरदार कहा गया। बाद में सरदार उनके नाम के साथ ही जुड़ गया ।इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष दिनेश यादव कैलाश तिवारी झल्लेलाल जैन अभिषेक चौकसे, मुकेश राठौर रामदास यादव, श्रीमती रेखा विनोद जैन, इंदिरा पाठक आदि मौजूद रहे।

## कर्मचारी जगत

# गंभीर रोगों वाले लोक सेवकों को चुनाव से मुक्त रखा जाये




**जबलपुर।** म0प्र0 तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ ने मांग की है कि गंभीर रोगों वाले लोक सेवकों को चुनाव से मुक्त रखा जाय। संघ ने बताया कि जनवरी 2022 में होने वाले त्रि–स्तरीय पंचायत चुनाव में चुनावी अमले के लोक सेवक जो गंभीर बीमारियों से ग्रसित हैं, जैसे हृदय रोग, कैंसर, रक्तचाप, गंभीर मघुमेय, लकवा, ब्रेन ट्यूमर, किडनी रोग, डायलेसिस के साथ–साथ अस्थाई द्विव्यांगता से पीडित हैं साथ ही गत वर्ष कोरोना जैसे वैविक बीमारी की चपेट में आकर गंभीर रूप से ग्रसित हुए लोक सेवकों को चुनावी कार्य से दूर रखा जावे, क्योंकि ऐसे कर्मचारी को अपने परहेजी सादे खान–पान के साथ ही समय पर दवाईयों पर आश्रित रहना पडता है एवं जिन्हें कमी मी चिकित्सा सुविधा की आवश्यकता पड सकती है को चुनावी मतदान दल से मुक्त रखा जावे ताकि जिससे मतदान दल के अन्य सदस्यों को चुनाव कार्य संपन्न कराने में परेशानी न हो । तथा ऐसे पति/पत्नी दोनो ही लोक सेवक हो उनमें से किसी एक की ही चुनावी डयूटी लगाई जानी चाहिए जिससे पारिवारिक दायित्वों का निर्वहन हो सके ।संघ के योगेन्द्र दुबे, अर्वेन्द्र राजपूत, अवधेश तिवारी, नरेन्द्र दुबे, अटल उपाध्याय, प्रहलाद उपाध्याय, जवाहर केवट, मनोज राय (द्वय) शहजाद द्विवेदी, रजनीश पाण्डे, अजय दुबे, कैलाश शर्मा, लक्ष्मण परिहार, हर्षमनोज दुबे, के.जी.पाठक, हरिशंकर गौतम, अरूण दुबे, विनोद साहू, बलराम नामदेव, मुन्ना लाल पटैल, अजय राजपूत, मुकेश सिंह, मिर्जा मन्सुर बेग, योगेन्द्र मिश्रा, राजेश चतुर्वेदी, मनोज खन्ना, आलोक वाजपेयी, वीरेश शर्मा आलोक अग्निहोत्री, दुर्गेश पाण्डे, ब्रजेश मिश्रा, श्याम नारायण तिवारी, मनीष नोडिया मनीष शुक्ला, आदि ने आयुक्त मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग से मांग है कि गंभीर बीमारी से ग्रसित लोक सेवकों को चुनाव ड्यूटी से मुक्त रखा जाये तथा पति/पत्नी में से किसी एक की ही चुनाव डयूटी लगाई जावे।

### गकर्मचारियों की उपेक्षा कर रही है सरकार

मध्य प्रदेश अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा जिला शाखा जबलपुर की आवश्यक बैठक घमापुर कार्यालय में सम्पन्न हुई बैठक में संयुक्त मोर्चा के घटक दलों के पदाधिकारियों ने एक सुर में सरकार की कर्मचारी विरोधी नीतियों की निंदा की, कर्मचारियों को 11 प्रतिसत मॅहगाई भत्ता कम दिया जा रहा है, लिपिकों की वेतन विसंगति रमेश चन्द्र शर्मा आयोग की अनुसंशा के पश्चात भी नही सुधारी गई, पदोन्नति नहीं हो रही, निजि अस्पतालों में केसलेस इलाज की सुविधा नहीं है , ठेकेदारों के कर्मचारियों ने सरकारी कार्यालय को दुकान बना दिया है। बैठक में निर्णय लिया गया कि सभी मान्यता प्राप्त अधिकारी और कर्मचारी संघ के पदाधिकारी कर्मचारियों के हितों में होने वाले प्रत्येक आंदोलन ,प्रदर्शनों में पूरा सहयोग करेंगे, अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा के जिलाध्यक्ष अटल उपाध्याय, विश्वदीप पटेरिया,नरेश शुक्ला, प्रसांत सोधिया,संजय गुजराल, संतोष मिश्रा, प्रदीप पटेल, एस. के. वांदिल,योगेन्द्र मिश्रा, धीरेंद्र सिंह ,मुकेश मरकाम,योगेन्द्र मिश्रा बैठक में शामिल थे।

# GST के विरोध में ब्लैक आउट करेंगे कपड़ा व्यापारी

## कपड़ा व्यापारियों का विरोध- शाम सात से 7.20 बजे तक दुकानों में ब्लैक आउट कर बजाएंगे शंख और घंटे-घडियाल

### जीएसटी दर बढ़ाने के विरोध में कपड़ा व्यापारियों का तीन दिनी महाप्रदर्शन मंगलवार से होगा शुरू

**इंदौर।** केंद्र सरकार द्वारा कपड़े पर जीएसटी की दर पांच प्रतिशत से बढ़ाकर 12 प्रतिशत करने के विरोध में कपड़ा व्यापारी मंगलवार से तीन दिवसीय महाअभियान शुरू करेंगे। शाम 7 बजे से बीस मिनट के लिए व्यापारी अपनी दुकानों की बिजली बंद कर ब्लैक आउट करेंगे। दुकानदार दुकानों से बाहर निकलकर घंटे-घडियाल और शंख बजाएंगे। जीएसटी संघर्ष समिति के संयोजक रजनीश चौरड़िया और प्रचार संयोजक अरुण बाकलीवाल ने बताया हाल ही में हुई मप्र जीएसटी संघर्ष समिति की आनलाइन बैठक इस बात पर सहमति बनी है कि जीएसटी दर में बढ़ोतरी के विरोध में पूरे प्रदेश के व्यापारी तीन दिन तक एक साथ, एक समय प्रदर्शन करेंगे। इसके तहत 21 दिसंबर मंगलवार से 23 दिसंबर गुरुवार तक व्यापारी अपनी-अपनी दुकानों के सामने बाहर खड़े होकर शंख, घडियाल बजाएंगे। आनलाइन हुई बैठक में नीमच, देवास, मंदसौर, बुरहानपुर, ग्वालियर, जबलपुर, मनासा, उज्जैन, खंडवा, बैतूल, हरदा, गंजबासौदा सतना, खरगोन, भोपाल सहित कई जिलों के प्रतिनिधि शामिल हुए थे। बाकलीवाल ने बताया कि आंदोलन में प्रदेशभर के कपड़ा व्यापारी शामिल हों इसके प्रयास तेज कर दिए गए हैं। हम चरणबद्ध तरीके से शांतिपूर्ण आंदोलन करेंगे। बावजूद इसके व्यापारियों की बात पर ध्यान नहीं दिया तो हम उग्र आंदोलन करेंगे। इंदौर के सीतलामाता बाजार रिटेल एसोसिएशन, इंदौर रिटेल गारमेंट, सांठा बाजार, नलिया बाखल, शकर बाजार, पाटनीपुरा, रिवर साइड, मूसाखेड़ी, मालवा मिल के व्यापारी शामिल होंगे। गौरतलब है कि व्यापारी कपड़े और जूते पर बढ़ा हुआ जीएसटी नए वर्ष में एक जनवरी से लागू हो जाएगा। साथ ही व्यापारी ई वे बिल पर भी आपत्ति उठा रहे हैं। इसके तहत वह भिन्न तरीकों से अपना विरोध प्रदर्शित करते रहे हैं।









# अब तीन घंटे में तय होगा वाराणसी से मध्यप्रदेश का सफर

### राष्ट्रीय राजमार्ग 135 का लोकार्पण आज

**भोपाल, मीरजापुर।** वाराणसी से मध्य प्रदेश तक बनाए गए राष्ट्रीय राजमार्ग 135 का आज लोकार्पण होगा। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जनपद के लालगंज स्थित अतरैला गांव के पास आयोजित सभा के दौरान इसका उद्घाटन करेंगे। 3037 करोड़ की लागत से बनाई गई यह सड़क 146 किलोमीटर लंबी है। इसके बनने से वाराणसी से मध्य प्रदेश की दूरी महज तीन घंटे में तय की जा सकेगी। इन राजमार्गों का विकास भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण परियोजना की कार्यान्वयन इकाई- मीरजापुर व राष्ट्रीय राजमार्ग खंड लोक निर्माण विभाग की देखरेज में संपन्न कराया गया है। इसमें मीरजापुर को धर्म नगरी काशी, संगम नगरी प्रयागराज के साथ-साथ मध्य प्रदेश के रास्ते दक्षिण भारत तक को जोड़ने का कार्य किया गया है।

# ग्वालियर के सेवानगर में टूटेंगे मकान, चिंता ने उड़ाई लोगों की नींद




**ग्वालियर।** फूलबाग से किलागेट तक मास्टर प्लान के तहत बन रही सड़क के निर्माण के लिए नगर निगम ने 25 लोगों को मकान तोड़ने के नोटिस जारी किए हैं। लोगों को नोटिस जारी होने के कारण उनकी नींद गायब हो चुकी है। वहीं सड़क को लेकर होने वाली तुड़ाई के कारण लोगों की नींद भी उड़ चुकी है। क्योंकि इस तुड़ाई में कई लोगों के पूरे मकान ही साफ हो जाएंगे। नगर निगम द्वारा किए गए सर्वे में 150 मकान इस सड़क निर्माण में बाधक बन रहे हैं। इसके चलते रविवार को 25 लोगों को नोटिस जारी किए गए जबकि सोमवार मंगलवार को सभी लोगों को नोटिस जारी कर दिए जाएंगे। करीब 10 करोड़ की लागत से फूलबाग से किलागेट तक सड़क बनाई जा रही है। फूलबाग से सेवानगर तक सड़क की चौड़ाई 30 मीटर रहेगी, जबकि सेवानगर से किलागेट तक सड़क की चौड़ाई 18 मीटर रखी गई है। फिलहाल सड़क करीब 20 से 25 फीट चौड़ी है। 18 मीटर में यह सड़क करीब 60 फीट चौड़ी हो जाएगी। इसके चलते दोनों ओर के 10-10 फीट मकानों को तोड़ा जाना है। इसके चलते नगर निगम ने 150 मकानों को चिन्हित किया है। सड़क निर्माण में बाधक बन रहे बहुत से मकान ऐसे हैं जिनकी कुल गहराई 10 से 15 फीट है, ऐसे में यह मकान पूरी तरह से साफ हो जाएंगे। इसके चलते ऐसे मकान मालिकों को भारी परेशानी हो रही है क्योंकि इन मकानों को तोडते ही वह लोग सड़क पर आ जाएंगे। इसके चलते लोगों की नींद उड़ी हुई है।



# अंतरराष्ट्रीय वन मेले में विदेशी डॉक्टरों से भी परामर्श ले सकेंगे मरीज



**भोपाल ।** भोपाल मे 22 दिसंबर से शुरू हो रहे पांच दिवसीय अंतरराष्ट्रीय वन मेले में इस बार मरीजों को उपचार के लिए विदेशी डाक्टरों से पराशर्म की सुविधा भी दी जा रही है। यह परामर्श उन्हें आनलाइन और निश्शुल्क दिलाया जाएगा। यह बात वन मंत्री विजय शाह ने कही। वे रविवार को कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर में मीडिया से बात कर रहे थे। उन्होंने बताया कि मेले में कोरोना से बचाव के सभी उपाय किए जाएंगे। वैक्सीन की दोनों डोज लगने का प्रमाण पत्र देने और शरीर के तापमान की जांच करके ही मेले में प्रवेश दिया जाएगा। मेला परिसर में भीड़ इकठ्ठी नहीं होने दी जाएगी। मध्य प्रदेश राज्य लघु वनोपज संघ 22 से 26 तक भोपाल और 29 से 31 दिसंबर तक सतना में मेला आयोजित कर रहा है। मेले में प्रदेश की वनोपज समितियां औषधियां लेकर आएंगी, तो देश की प्रसिद्ध आयुर्वेदिक कंपनियों के प्रतिनिधि भी आएंगे। वे वन समितियों से औषधियों के सौदे करेंगे। उत्तर प्रदेश, कर्नाटक, छत्तीसगढ़, दिल्ली, ओड़िशा, झारखंड, राजस्थान और महाराष्ट्र से हर्बल उत्पादक आ रहे हैं, जो मेले में स्टाल लगाएंगे। वन मंत्री विजय शाह ने बताया कि मेले में कोरोना गाइड लाइन का पूरी तरह से पालन किया जाएगा। वहीं स्टाल संचालकों को मुनाफा लगा, तो मेले की अवधि दो दिन और बढ़ाई जा सकती है।

### भजन, भक्ति गीत और सूफियाना कलाम भी गूजेंगे

मेले में भजन गायक अनूप जलोटा, अनुराधा पोडवाल और गजल गायक जाजिम शर्मा को आमंत्रित किया गया है। इसके अलावा अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों में नृत्य, चित्रकला, गायन, फैंसी ड्रेस प्रतियोगिताएं और नुक्कड़ नाटक आयोजित किए जाएंगे।

### टीकाकरण शिविर भी लगेगा

लघु वनोपज से स्वास्थ्य सुरक्षा विषय पर आयोजित किए जा रहे इस मेले में दो दिन कार्यशाला होगी। जिसमें भूटान, नेपाल, बांग्लादेश, श्रीलंका के विषय विशेषज्ञ वर्चुअल विचार रखेंगे। 23 दिसंबर को क्रेता-विक्रेता संवाद होगा। मेले में टीकाकरण शिविर भी लगेगा और आयुर्वेदिक डाक्टरों की सेवाएं ली जाएंगी, जो निश्शुल्क परामर्श देंगे।

# मतांतरण पर विहिप का देशव्यापी अभियान आज से

## मध्यप्रदेश के पांच जिलों पर रहेगी नजर

**भोपाल।** मतांतरण के खिलाफ विश्व हिंदू परिषद (विहिप) ने सड़कों पर उतरने का एलान कर दिया है। परिषद सोमवार से देशव्यापी अभियान शुरू कर रही है। जिसमें मध्यप्रदेश के बैतूल, सागर, झाबुआ, सतना और जबलपुर जिलों पर विशेष नजर रहेगी। विहिप के केंद्रीय महामंत्री मिलिंद परांडे ने रविवार को यह बात कही। वे विश्व संवाद केंद्र में पत्रकारों से बात कर रहे थे। उन्होंने बताया कि धर्म रक्षा अभियान 31 दिसंबर तक चलेगा। परांडे ने कहा कि मतांतरण देशव्यापी विभीषिका है। इसे देखते हुए केंद्र और राज्य सरकारें मतांतरण रोकने के लिए कठोर कानून बनाएं और जिहादियों एवं मिशनरी की हिन्दू द्रोही गतिविधियों पर लगाम लगाएं। उन्होंने कहा कि भय, लालच या धोखे से मतांतरण करवाने वालों पर कठोर कार्रवाई करने का समय आ गया है। परांडे ने आरोप लगाया कि कोरोना काल में धार्मिक और सामाजिक संगठन सेवा में लगे थे, तब षडयंत्रकारी मतांतरण करा रहे थे। पिछड़ी बस्तियों और वनवासियों को लक्ष्य करके यह काम किया गया। इसका पता कोरोना संक्रमण कम होने के बाद चला। वे कहते हैं कि मिशनरी खुद स्वीकार कर रहे हैं कि जितने चर्च कोरोना काल में खोले गए उतने पिछले 25 सालों में नहीं खुले।

### जनसभाएं होंगी, साहित्य बांटेंगे

परांडे ने कहा कि 23 दिसंबर (स्वामी श्रद्धानंद के बलिदान दिवस) को हम धर्म रक्षा दिवस के रूप में मनाते आ रहे हैं पर मतांतरण के षड़यंत्रों को देखते हुए इस साल अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान उनके षड़यंत्रों को जनसभा, जनजागरण कर उजागर किया जाएगा। इससे संबंधित साहित्य बांटा जाएगा और इंटरनेट मीडिया पर भी प्रचार किया जाएगा। ताकि हिंदू समाज उनके हिंदू विरोधी और राष्ट्र विरोधी कृत्यों को समझे और आगे बढ़कर रोक लगाए।

### केंद्र सरकार बनाए सख्त कानून

परांडे ने कहा कि मतांतरण रोकने के लिए केंद्र सरकार सख्त कानून बनाए। जिन राज्यों ने लव जेहाद या मतांतरण रोकने के कानून नहीं बनाए हैं, वे जल्द बनाएं। साधु-संत और समाज का नेतृत्व करने वाले मतांतरण कराने वालों को लेकर लोगों को जागरुक करें और मतांतरण रोकें। ऐसा कर लोगों को वापस मुख्य धारा में लाएं। उन्होंने कहा कि अनुसूचित जनजातियों के लोगों मतांतरण के बाद भी उनके विशेषाधिकार पूर्ववत रहते हैं। जिसका फायदा मिशनरी उठाते हैं। ऐसे लाभ मतांतरण करने वालों को नहीं मिलना चाहिए।



# रेलवे के भोपाल डिपो से बदमाशों ने 51 हार्ड डिस्क व छह हैवी ड्यूटी ड्रिल मशीन पर हाथ साफ किया

**भोपाल ।** भोपाल के निशातपुरा इलाके में रेलवे के सिग्नल निर्माण डिपो से कीमती और सुरक्षा की दृष्टि से अहम सामानों की चोरी से हड़कंप मचा हुआ है। चोरी गए सामानों में 51 नग हार्ड डिस्क है जिसमें कीमती और गोपनीय दस्तावेज, रिकार्ड होने का अनुमान है। छह हैवी ड्यूटी ड्रिल मशीन भी चुराई गई है जो कि बहुत उपयोगी होती है। यह वारदात 18 दिसंबर की सुबह सामने आई, जबकि डिपो के ताले 17 और 18 दिसंबर की दरम्यिानी रात तोड़ा गया था। अब मामले की जांच आरपीएफ के जवान कर रहे हैं लेकिन बीते तीन दिनों में कोई सुराग हाथ नहीं लगा है। बता दें कि ट्रेनों में सिग्नल का बहुत महत्व होता हैं बिना सिग्नल व्यवस्था के ट्रेनें चला पाना असंभव है। इनमें जरा सी गड़बड़ी बड़े रेल हादसे की वजह बन सकती है। इन्हीं सिग्नलों से जुड़ा भोपाल रेल मंडल के पास निशातपुरा में एक डिपो है जहां से मंडल के कई रेलखंडों में सिग्नल व उनसे जुड़ी सामग्री की भरपाई होती है। यहां ड्यूटी करने वाले रेलकर्मी आरके सिन्हा, दिनेश पुरोहित, रेहमत बैग, छन्नु चीटिया व एक अन्य ने चुराए गए सामानों की पुष्टि वरिष्ठ अधिकारियों के सामने की है। निशातपुरा आरपीएफ के अधिकारियों के मुताबिक रेलकर्मियों की तरफ से सूचना मिली है कि 18 दिसंबर की सुबह जब वे डिपो पहुंचे थे एक ताले की सील के साथ छेड़छाड़ पाई गई।

# स्कूल बदलने पर टीसी की नहीं पड़ेगी जरूरत

## पहली से आठवीं तक स्कूल बदलने पर नियमों को किया शिथिल




**भोपाल।** पहली से आठवीं तक का कोई विद्यार्थी यदि स्कूल बदलता है तो अब ट्रांसफर सर्टिफिकेट (टीसी) की जरूरत नहीं पड़ेगी। मध्य प्रद्रेश स्कूल शिक्षा विभाग ने इस संबंध में जिला शिक्षा अधिकारियों को आदेश जारी कर दिए हैं। अभी तक एक से दूसरे स्कूल में जाने पर टीसी मांगी जाती थी, जिससे अभिभावक परेशान होते थे। हालांकि पिछले साल 20 दिसंबर को विभाग ने एक आदेश जारी किया था जिसमें कहा गया था कि अगर बच्चा स्कूल बदलता है तो आवेदन पत्र के साथ उस स्कूल से टीसी लेकर देनी होगी जिसमें उसने अंतिम बार पढ़ाई की हो। अब 29 नवंबर को विभाग ने फिर नया आदेश जारी कर पिछले साल के आदेश को निरस्त कर दिया है। दरअसल, कोविड काल में निजी स्कूलों ने शासन के आदेश की अवहेलना कर अभिभावकों से पूरी फीस वसूलने का दबाव डाला। ऐसे में कई अभिभावकों ने निजी स्कूलों से बच्चों को निकाल लिया। लेकिन स्कूलों द्वारा टीसी नहीं देने के कारण दूसरे स्कूल में अभिभावक बच्चों को दाखिला नहीं दिला पा रहे थे। इसकी शिकायत स्कूल शिक्षा विभाग के पास पहुंची थी। इस कारण विभाग ने स्कूलों में प्रवेश के समय टीसी की अनिवार्यता को समाप्त कर दिया है। इस संबंध में 20 से अधिक अभिभावकों ने मध्य प्रदेश बाल अधिकार संरक्षण आयोग व जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में शिकायत की थी। इसमें कहा था कि वे निजी स्कूल से बच्चों को निकालना चाहते हैं, लेकिन स्कूल प्रबंधन टीसी नहीं दे रहा है। बता दें कि शिक्षा के अधिनियम (आरटीई) के नियमों में भी यह उल्लेखित है कि स्कूल बदलने पर स्थानांतरण प्रमाणपत्र जरूरी नहीं है।

### टीसी की अनिवार्यता जरूरी

निजी स्कूल एसोसिएशन के अध्यक्ष अजीत सिंह ने इस आदेश का विरोध किया है। उनका कहना है कि एक से दूसरे स्कूल में प्रवेश लेने पर टीसी की अनिवार्यता जरूरी है। यदि इसे खत्म कर दिया तो कई अभिभावक फीस जमा नहीं करेंगे और दबाव बनाने पर वे बच्चे को स्कूल से निकालकर दूसरे स्कूल में प्रवेश दिला देंगे। इसके अलावा फर्जीवाड़ा बढ़ने की भी संभावना है, क्योंकि कोई भी फर्जी अंकसूची बनवाकर किसी भी स्कूल में बच्चे को प्रवेश दिला सकता है।

**पहली से आठवीं कक्षा तक के बच्चों को स्कूल बदलने पर अब टीसी जमा करने की जरूरत नहीं होगी। स्कूल प्रबंधन द्वारा अभिभावकों को टीसी नहीं देने के संबंध में काफी शिकायतें मिली हैं। इस कारण विभाग को यह आदेश जारी करना पड़ा।**

**नितिन सक्सेना, जिला शिक्षा अधिकारी**

# दो लाख के नकली नोट के साथ पकड़ाया आरोपी

**भोपाल ।** क्राइम ब्रांच ने शनिवार रात को दो लोगों को ईंटखेड़ी के गुलफाम मैरिज गार्डन लांबाखेड़ा से हिरासत में लिया। पूछताछ में उनके पास में दो लाख के नकली नोट बरामद हुए। पुलिस का कहना है कि आरोपित प्रिंटर से नोट छापने के बाद उसे मार्केट में चलाने निकले थे और पहली बार में ही पुलिस के हाथ लग गए। आरोपितों से करीब दो लाख के नकली नोट बरामद किए है। आरोपितों का कहना है कि उन्होंने यूट्यूब और इंटरनेट के माध्यम से नोट प्रिंटर से सीखा था। दोनों आरोपितों में एक 12 वीं तो दूसरा आठवीं कक्षा तक पढ़ा है। क्राइम ब्रांच के मुताबिक गुलफाम मैरिज गार्डन से दो संदेहियों को हिरासत में लेने के बाद क्राइम ब्रांच थाने लाया गया। जहां उनकी पहचान भूपेन्द्र यादव (30) ग्राम पाढल्या खेडी थाना कुरावर तहसील नरसिंहगढ जिला राजगढ़ और सोनू विश्वकर्मा(22) निवासी ग्राम सीलखेडा थाना मलावर जिला राजगढ़ के रूप में हुई। भूपेंद्र यादव के पास से 200-200 रुपये के 96 नोट और 500-500 रूपये के 24 नोट कुल 31,200 के नकली नोट बरामद किए। आरोपित के पास से जो नोट मिले वह एक ही सीरीज के थे। सोनू विश्वकर्मा के पास 200-200 रुपये के 204 नोट कुल 40,800रुपये मिले। दोनो संदेहियो के पास से कुल 72,000 रुपये मिले। मिले नोटो को असली नोट से मिलान करने पर हूबहू 200 एवं 500 का नोट जैसे दिखते है। जिसमें भारतीय रिजर्व बैंक की तरह नोट की कीमत की शब्दों हिंदी और अंग्रेजी में लिखी थी। महात्मा गांधी की फोटो धुंधली सी बनी है, गवर्नर अंग्रेजी में लिखा है, हस्ताक्षर अंग्रेजी में अपठनीय है, एक ही सीरीज के कई नोट होने से प्रथम द्रष्टया नकली नोट लग रहे थे। दोनो आरोपितों से नकली नोटों को जब्त कर आरोपितों पर एफआइआर दर्ज कर गिरफ्तार किया गया।




### यूट्यूब से ली थी ट्रेनिंग

### आरोपित के पास से मिले और नोट

एएसपी अंकित जायसवाल ने बताया कि पूछताछ के बार आरोपित से पता चला कि उसने और भी नकली नोट छापे है। उसकी बरामद की के लिए पुलिस भूपेंद्र के किराये के मकान बाराद्वारी नरसिंहगढ़ पहुंची थी। जहां से 500-500 रूपये के 270 नोट (1,35,000/- रूपये ) व कलर प्रिंटर व अन्य सामग्री बरामद को जप्त किया गया। दोनों से दो लाख सात हजार रूपये के नकली नोट जप्त किये गये है।

### कर्ज चुकाने छापने थे नोट

उधारी एवं आर्थिक तंगी के चलते नोट छापने का रास्ता अपनाया था। आरोपितों के द्वारा पहली बार ही नोट छापे गये थे। जिन्हें स्थानीय स्तर पर चलाने से पहले ही थाना क्राइम ब्रांच भोपाल के द्वारा आरोपितों को धरदबोचा। भूपेंद्र यादव वर्तमान में मेडिकल स्टोर चलाता हैं और सोनू विश्वकर्माकार चालक है।

# साउथ अफ्रीका को पहली बार टेस्ट सीरीज में क्या हरा देगा भारत और रचेगा इतिहास



## पूर्व क्रिकेटर सबा करीम ने बताया कारण

**नई दिल्ली। विराट कोहली की अगुवाई वाली भारतीय टेस्ट टीम का समर्थन करते हुए सबा करीम ने कहा कि इस टीम के पास साउथ अफ्रीका में टेस्ट सीरीज में इतिहास रचने के सुनहरा मौका है। वहीं उन्होंने ये भी बताया कि टीम इंडिया तीन मैचों की टेस्ट सीरीज में प्रोटियाज को किस अंतर से हराएगी।**

साउथ अफ्रीका में भारत ने अब तक एक भी टेस्ट सीरीज में जीत दर्ज नहीं की है। दोनों देशों के बीच साल 1992-93 से बाद से अब तक कुल सात टेस्ट सीरीज खेली है जिसमें छह में प्रोटियाज को जीत मिली है जबकि एक सीरीज ड्रा रही थी। सबा करीम ने कहा कि भारत इस बार टेस्ट सीरीज को 2-0 या फिर 2-1 से जीतने में सफल रहेगा तो वहीं वनडे में भारतीय टीम साउथ अफ्रीका के मुकाबले बेहद मजबूत और बेस्ट है। उन्होंने स्पोर्ट्स टाइगर पर बात करते हुए ये बातें कही। करीम का मानना है कि टीम इंडिया के पास अनुभवी सेटअप से साथ-साथ शानदार बेंच स्ट्रेंथ भी है और इसी की वजह से इस टीम का पहली बार आस्ट्रेलिया में टेस्ट सीरीज जीतने की संभावना है। सबा करीम ने कहा कि भारतीय क्रिकेट टीम बेहद मजबूत है और इसका सबूत इस टीम ने आस्ट्रेलिया में पेश किया था। उन्होंने आगे कहा कि आस्ट्रेलिया में हमने पांच या छह नियमित व शानदार खिलाड़ियों के बिना भी टेस्ट सीरीज में जीत हासिल की थी। इससे पता चलता है कि टीम इंडिया का बेंच स्ट्रेंथ कितना मजबूत है। मैं इस बार साउथ अफ्रीका में भी ऐसी ही उम्मीद करता हूं और ये हमारे लिए सुनहरा मौका है। इसके साथ ही हमारे पास एक अनुभवी सेटअप भी है। इसके अलावा टीम में कुछ बेहद शानदार युवा खिलाड़ी हैं जो काफी अच्छा कर रहे हैं। दक्षिण अफ्रीका में अच्छे प्रदर्शन के लिए ये शानदार संयोजन होगा।

# पेंग शुआई का नया वीडियो चीनी पत्रकार ने किया शेयर, खेल से जुड़े कार्यक्रम में शामिल हुई




**नईदिल्ली।** चीन की स्टार टेनिस खिलाड़ी पेंग शुआई का नया वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया गया है। यह वीडियो चीन के एक स्थानीय पत्रकार ने शेयर किया है। इस वीडियो में शुआई चीन के बास्केटबॉल खिलाड़ी याओ मिंग के साथ बात करती नजर आ रही हैं। हालांकि इस वीडियो के सही या गलत होने की पुष्टि नहीं हुई है। इस वीडियो को शेयर करते हुए स्थानीय पत्रकार ने बताया कि यह वीडियो उनके एक दोस्त ने शेयर किया था। पेंग शंघाई में होने वाली अंतर्राष्टीय स्कीइंग प्रतियोगिता के प्रमोशन के लिए आयोजित इवेंट में पहुंची थी। इसी दौरान उनका यह वीडियो रिकॉर्ड किया गया। पेंग ने चीन की कम्युनिस्ट पार्टी के अधिकारी पर दुष्कर्म के आरोप लगाए थे। इसके बाद वो अचानक गायब हो गईं और अंतर्राष्टीय स्तर पर महिला टेनिस संघ सहित कई खिलाड़ियों ने उनकी सुरक्षा को लेकर सवाल उठाए थे। मामले के बढ़ने पर पेंग ने ओलंपिक कमेटी के अध्यक्ष थॉमस बाक से भी बातचीत की थी। शुआई का जो वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, उसमें वो याओ को ध्यान से सुन रही हैं। सात सेकेंड के इस वीडियो में वो मुस्कुराती हुई दिख रही हैं। इसके साथ ही पेंग की एक फोटो भी शेयर की गई है, जिसमें वो चार खिलाड़ियों के साथ नजर आ रही हैं। इस फोटो में पेंग और याओ के अलावा ओलंपिक सेलिंग चैंपियन जू लीजिया और पूर्व टेबल टेनिस खिलाड़ी वांग लिक्किन भी नजर आ रही हैं। ये चारों खिलाड़ी एफआईएस अंतर्राष्टीय स्कीइंग चीन टूर के बैनर के सामने खड़े हैं। फोटो में शंघाई का यंगपू ब्रिज भी दिख रहा है।

### कैसे गायब हुई पेंग

पेंग ने चीनी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर कम्यूनिस्ट पार्टी के अधिकारी पर यौन शोषण के आरोप लगाए थे। जल्द ही उनकी पोस्ट के स्क्रीनशॉट देश के बाहर आ गए और महिला टेनिस संघ ने इन आरोपों की निष्पक्ष और पारदर्शी जांच की मांग की थी। इसके बाद पेंग कुछ समय के लिए गायब हो गईं। विदेशों में बवाल होने के बाद चीन पर दबाव बढ़ा और पेंग ने वीडियो कॉल पर ओलंपिक समिति के अध्यक्ष से बात की।





## हॉकी इंडिया चैंपियनशिप

# पंजाब और कर्नाटक ने विरोधी टीम को हराकर सेमीफाइनल में किया प्रवेश

**नईदिल्ली।** पंजाब और कर्नाटक ने शनिवार को 11वीं हॉकी इंडिया पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल मैचों में जीत दर्ज की। पहले क्वार्टर फाइनल में पंजाब ने चंडीगढ़ को 2-1 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। कप्तान रूपिंदर पाल सिंह ने 46वें और 53वें मिनट में गोल दागे जबकि अर्शदीप सिंह ने चंडीगढ़ के लिए 50वें मिनट में एकमात्र गोल किया। दूसरे क्वार्टर फाइनल में कर्नाटक ने बंगाल को 3-2 से मात दी। बंगाल के लिए असलम लाकड़ा ने नौवें मिनट में ही गोल कर दिया। दूसरे क्वार्टर में कर्नाटक के लिए कप्तान मोहम्मद राहील ने 21वें और हरीश मुटागर ने 30वें मिनट में गोल किया। बंगाल के लिए अभिषेक प्रताप सिंह ने 40वें मिनट में बराबरी का गोल दागा। कर्नाटक के एस. दीक्षित पी ने 58वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर विजयी गोल करके टीम को सेमीफाइनल में जगह दिलाई।

# कैटरीना कैफ ने हनीमून पर फ्लॉन्ट की अपनी खूबसूरत मेहंदी Vicky Kaushal का नाम ढूंढते दिखे फैंस





बॉलीवुड एक्ट्रेस कैटरीना कैफ अब मिसेज विक्की कौशल बन चुकी हैं। दोनों ने बीते 9 दिसंबर को को राजस्थान के सवाई माधोपुर में फोर्ट बरवारा के सिक्स सेंस रिजॉर्ट में शाही अंदाज में शादी रचाई थी। दोनों की शादी से लेकर हर रस्म की फोटोज जमकर वायरल हुई थी। शादी के फौरन बाद ही विक्की और कैट सीक्रेट हनीमून पर निकल गए थे। अब कैटरीना ने शादी के 10 दिन पूरे होने पर अपनी हनीमून की एक तसवीर शेयर की है। कैटरीना ने यह फोटो इंस्टाग्राम पर शेयर की है। तस्वीर में एक्ट्रेस अपनी ब्यूटीफुल मेंहदी के साथ इश्क दा चुड़ा फ्लॉन्ट करते हुए नजर आ रही हैं। कैटरीना के पूरे हाथों में मेंहदी लगी हुई है, जिसका रंग काफी गहरा दिख रहा है, वहीं फैंस उनके हाथों में विक्की कौशल का नाम ढूढ़ते दिखाई दे रहे हैं। कैटरीना ने जो तस्वीर शेयर की है, उसके बैकग्राउंड में समुद्र दिखाई दे रहा है। इस फोटो को देख फैंस यही कयास लगा रहे हैं कि ये तस्वीर विक्की और कैटरीना के हनीमून की है।

### फिंगर रिंग पर विक्की कौशल का नाम

कैटरीना कैफ ने फोटो करते हुए कैप्शन में दिल वाला इमोजी बनाई है. वहीं कैट ने अपनी मेंहदी में विक्की का नाम फिंगर रिंग पर लिखवाया है. कैट की इस फोटो पर फैंस के साथ-साथ सेलेब्स भी रिएक्शन दे रहे हैं। जहां नेहा धूपिया और जोया अक्तर ने हार्ट वाले इमोजी डाले। वहीं एक यूजर ने लिखा, कैटरीना आपको खुश देखकर बहुत अच्छा लग रहा है. हम आपके मेंहदी में विक्की कौशल का नाम ढूढ़ने की कौशिश कर रहे हैं। एक दूसरे यूजर ने लिखा, आपकी मेंहदी का रंग काफी ज्यादा निखर कर आया है। विक्की भाई आपसे काफी ज्यादा प्यार करते हैं. एक अन्य यूजर ने लिखा, हम सभी आशा करते हैं कि आपका आगे एक सुंदर जीवन हो... अभी भी विश्वास नहीं हो रहा है कि ड्रीम गर्ल की शादी हो चुकी है. आप सचमुच हमारी पीढ़ी के सभी लोगों का पहला प्यार हैं !! हम आपको देखते हुए बड़े हुए हैं! एक भी इंटरव्यू फिल्म या तस्वीर मिस नहीं की आप फैमिली के हैं! और अब आपकी शादी हो चुकी है, आपके आगे के सुंदर जीवन की कामना करता हूँ। आपको बता दें कि कैटरीना कैफ और विक्की कौशल की शादी को 9 दिन पूरे हो चुके हैं। शुक्रवार को कैटरीना ने शादी के बाद विक्की और उनके परिवार के लिए पहला हलवा बनाया था। इसकी जानकारी सोशल मीडिया पर एक फोटो शेयर कर दी थी। विक्की ने भी कैटरीना को हलवे की तारीफ की थी, उन्होंने इसे बेस्ट हलवा एवर करार दिया।







# Ankita Lokhande, Rhea या Sara Ali Khan नहीं बल्कि Sushant Singh Rajput से ये एक्ट्रेस करना चाहती थीं शादी

साल 2021 में आई फिल्म शेरशाह जिसे क्रिटिक्स से लेकर ऑडिएंस तक सबका खूब सारा प्यार मिला। इस फिल्म में एक्टर सिद्धार्थ मल्होत्रा और एक्ट्रेस कियारा आडवाणी की केमेस्ट्री को खूब सराहा गया। इसी के साथ चर्चाएं भी होने लगीं कि ये दोनों एक्टर्स सीक्रेटली एक दूसरे को डेट कर रहे हैं, हालांकि दोनों ने इन रयूमर्स पर कभी कंफर्मेशन का स्टैम्प नहीं लगाया, लेकिन क्या आपको पता है कियारा आडवाणी के लिए शादी मटेरियल लड़का कैसा हो सकता है? इस बात का खुलासा खुद एक्ट्रेस ने एक इंटरव्यू में किया था। दरअसल, कियारा आडवाणी से उस इंटरव्यू में सवाल किया गया था कि वो किसे किल, हुकअप और शादी करना चाहती हैं? इस दौरान ऑप्शन दिए गए कि रणबीर कपूर, सुशांत सिंह राजपूत और वरुण धवन। एक्ट्रेस ने जवाब दिया था कि वो रणबीर कपूर को मारना, वरुण धवन के साथ हुकअप और सुशांत सिंह राजपूत के साथ शादी करना चाहेंगी। उन्होंने उस वक्त सुशांत से शादी करने की इच्छा इसलिए जाहिर की थी क्योंकि फिल्म एम एस धोनी में उन्होंने उनसे शादी की थी। ये पहली बार नहीं था जब उन्होंने अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर बात की थी. अभी हाल में भी एक्ट्रेस ने कपिल शर्मा शो में शिरकत की थी. इस शो में उनसे कपिल ने सवाल किया था कि वो अपनी लाइफ में किस तरह का पार्टनर चाहती हैं और क्या वो लड़के के प्रोफेशन पर ध्यान देंगी? तो इस पर उन्होंने जवाब दिया था कि अगर लड़का एक्टर हो तो अच्छा रहेगा, सभी चीजें एक में मिल जाएंगी एक्ट्रेस का ये जवाब सुनने के बाद सभी शॉक्ड रह गए थे। अब कियारा के एक्टर सिद्धार्थ मल्होत्रा को डेट करने की चर्चा जोरों पर है। सुशांत सिंह राजपूत की बात करें तो साल 2020 में एक्टर की रहस्यमई तरीके से मौत हो गई थी, जिसकी पहेली आज तक सुलझ नहीं पाई है। वहीं बात कियारा की करें तो बॉलीवुड में फिल्म फुगली से डेब्यू करने वाली कियारा राज मेहता की फिल्म 'जुग- जुग जियो' में नजर आएंगी, उनके साथ वरुण धवन नजर आएंगे। अनिल और नीतू कपूर भी मुख्य भूमिका में होंगे। रिपोर्ट्स के अनुसार ये फिल्म शादी पर आधारित होगी. फिल्म सभी सिनेमाघरों में 24 जनवरी 2022 को रिलीज होगी। इसके अलावा 'गोविंदा नाम मेरा' में विक्की कौशल की गर्लफ्रेंड का किरदार निभाएंगी. इस फिल्म को शशांक खेतान डॉयरेक्टर कर रहे हैं। कियारा के साथ भूमि पेडनेकर भी मुख्य भूमिका में होंगी। कियारा अनीस बजमी की फिल्म 'भूल भुलैया 2' में कार्तिक आर्यन और तब्बू के साथ नजर आएंगी।

# अधिकारी सो रहे, अकड़ रहा गरीब



**जबलपुर यश भारत।** हाड़तोड़ सर्दी से जन जीवन अस्तव्यस्त हो गया है। सर्द लहर के कारण लोग घरों में दुबके पड़े हैं। ऐसे में उन गरीबों का क्या होगा जो अपने परिवार का पेट भरने के लिए मजदूरी करने जबलपुर तो आ गए लेकिन उनके पास रहने को छत नहीं है और वह फुटपाथ में खुले आकाश में पड़े हुए हैं। उनके पास न ओढ़ने के लिए रजाई कंबल हैं और न अलाव का सहारा। दिन भर की कड़ी मजदूरी करने के बाद रात मैं उन्हें खुले आकाश के नीचे भीषण ठंड में रात ठिठुरते हुए गुजारनी पड़ रही है। यश भारत की टीम में जब इस बारे में तफ्तीश की तो हालात देख कर रोंगटे खड़े हो गए। शहर में कई क्षेत्र ऐसे हैं जहां लोग फुटपाथ पर रात में अपना जीवन व्यतीत कर रहे हैं लेकिन ठंड ने उन्हें तोड़ कर रख दिया है। जब टीम मैं उनसे बात की तो उन्होंने बताया कि वह मजदूरी करने के लिए आए हैं लेकिन उनके पास रहने के लिए कोई ठिकाना नहीं है कोई फुटपाथ पर तो कोई पेड़ की छांव में बैठकर अपनी रात काट रहा है उनके साथ तो परिवार में छोटे-छोटे मासूम बच्चे हैं जो कांप रहे थे। मां उन्हें आंचल में



छिपाकर, फटे कटे कपड़ों से ढांक ठंड से बचाव में जुटी है। पूर्व में नगर निगम व समाजसेवी संस्थाओं के द्वारा शहर के विभिन्न चौराहों और सार्वजनिक स्थानों पर अलाव की व्यवस्था की जाती थी जिससे गरीब और बेसहारा लोगों को ठंड से राहत मिलती थी लेकिन विगत कुछ वर्षों से यह परंपरा खत्म सी हो रही है जिसके कारण लोग कड़कड़ाती ठंड सहने को मजबूर हैं।

## शीतलहर का कहर कब होगी गरीबों पर नजर

### कहां गए रैन बसेरा

गौरतलब है कि नगर निगम द्वारा शहरी क्षेत्रों में रैन बसेरे का निर्माण कराया गया है लेकिन गरीबों को इन रैन बसेरे का पता नहीं मालूम है वही फुटपाथ पर सो रहे लोगों को भी कोई रैन बसेरा में जाने के लिए नहीं कहता और गाहे-बगाहे कोई वहां पहुंच भी जाता है तो भगा दिया जाता है समाजसेवी हुए नदारद गरीब और बेसहारा लोगों के लिए सबसे बड़ा सहारा शहर के समाजसेवी व सामाजिक संस्थाएं हुआ करती थी जो ठंड होने के साथ ही कंबल और गर्म कपड़ों का वितरण किया करती थी लेकिन वर्तमान परिदृश्य में देखा जा रहा है की ठंड शहर है लोगों से किसी को भी सरोकार नहीं ह।

### एसपी ने ली सुध



**जबलपुर।** पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ बहुगुणा ने भीषण सर्दी को देखते हुए मालगोदाम, कचहरी वाले बाबा दरगाह समेत सात प्वाइंटों में अलाव की व्यवस्था की है।

# गोरखपुर में 5 साल की मासूम का अपहरण

### 5 का सिक्का लेकर गई थी दुकान, फिर नहीं लौटी घर

**जबलपुर, यशभारत।** गोरखपुर के इंद्रानगर से पांच का सिक्का लेकर घर से गई एक बच्ची फिर घर नहीं लौटी। बच्ची की बहन ने बताया कि वह दुकान से टॉफी खरीदने के लिए गई थी। शाम को जब माँ घर आई तो बच्ची को घर में नहीं पाया तो उसने आसपास के घरों में जाकर पूछताछ की। परिजनों को फोन लगाया। लेकिन बच्ची का कहीं कोई पता नहीं चला। जिसके बाद माँ ने थकहार कर गोरखपुर थाने पहुंचकर मामले की शिकायत की। पुलिस ने अपहरण का मामला दर्ज कर, बच्ची की तलाश शुरु कर दी है। गोरखपुर थाना प्रभारी अर्चना नागर ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि कल शाम को शीला प्रजापति निवासी इंद्रानगर ने शिकायत दी कि उसकी पांच साल की बच्ची घर से दुकान गई थी और वहीं से गायब हो गयी।



**पुलिस ने मामला दर्ज कर, सरगर्मी से बच्ची की तलाश में जुटी**

#### बहला-फुसलाकर ले गया कोई

पुलिस को पीड़िता माँ ने बताया कि उसकी बच्ची घर में खेल रही थी और उसके हाथ में पांच का सिक्का था। इस दौरान वह घर से बाहर काम पर गई हुई थी। लौटकर आई तो बच्ची की बहन ने बताया कि वह दुकान कहकर गई है, लेकिन वापस नहीं आई। जब आसपास देखा तो बच्ची नहीं मिली। पुलिस ने मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए रात से ही जगह-जगह छापेमार कार्रवाई कर रही है।

### गर्भवती युवती ने लगाई फांसी

# सुसाइड नोट में लिखा-प्रेमी से मिला धोखा, अब जीने से क्या फायदा

**जबलपुर, यशभारत। अधारताल के कंचनपुर क्षेत्र में 24 वर्षीय युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। आज सोमवार की सुबह सूचना मिलने पर अधारताल पुलिस मौके पर पहुंची और युवती के शव को पीएम के लिए भेजते हुए जांच में लिया है।**

इस दौरान पुलिस को एक सुसाइड नोट मिला है, जिसमें प्रेमी द्वारा धोखा दिए जाने का जिक्र है। इस घटना के बाद क्षेत्र में चर्चा है कि युवती गर्भवती थी। पुलिस ने इस प्रकरण को जांच में लेते हुए आरोपी की तलाश शुरु कर दी है। थाना प्रभारी शैलेष मिश्रा ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि सूचना मिली कि कंचनपुर में एक युवती ने फांसी लगा ली है। मामले की जब पड़ताल शुरु की तो एक अलग ही कहानी सामने आई है।

#### 5 साल से चल रहा था प्रेम प्रसंग

पुलिस ने बताया कि मृतिका के पास से मिले सुसाइड नोट में एक युवक का जिक्र है। जिसमें बताया गया है कि युवक ने उसे प्रेम



जाल में फंसाया और फिर करीब पांच साल से उसका दैहिक शोषण कर रहा था।

#### शादी करने की बात आई तो मुकरा प्रेमी

बताया जा रहा है कि युवती गर्भवती हो गई थी और इसी बात को लेकर उसका प्रेमी से आए दिन झगड़ा हो रहा था। दोनों के बीच प्रेम संबंध को शादी तक पहुंचाने का वायदा था, लेकिन प्रेमी मुकर गया और उसने शादी करने से साफ इंकार कर दिया। इसी बात से आहत होकर युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

#### सुसाइड नोट में हस्ताक्षर नहीं

मृतिक के पास से मिले सुसाइड नोट में हस्ताक्षर नहीं होने से पूरा मामला पुलिस को संदेहास्पद लग रहा है। पुलिस इस प्रकरण में कई बिन्दुओं पर जांच कर रही है। हो सकता है कि यह मामला हत्या से भी जुड़ा हो। हांलाकि पुलिस युवती के परिजन, परिचित और दोस्तों से पूछताछ कर रही है साथ ही उसके कॉल डिटेल भी निकाले जा रहे है। जिससे जल्द पता चल जाएगा कि युवती की आत्महत्या की प्रमुख वजह क्या थी।

#### प्राइवेट जॉब करती थी युवती

पुलिस ने बताया कि मृतिका यहां अधारताल में एक प्राइवेट जॉब में कार्यरत थी। इसी दौरान उसका एक युवक से परिचय हुआ। जो बाद में प्यार में बदल गया और दोनों के बीच नजदीकियाँ हो गईं। पुलिस मामले में पीएम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है। जिससे स्थिति साफ हो सकेगी।

# तिलवारा में विसर्जन कुंड से महिला ने लगाई छलांग, मौत

**जबलपुर, यशभारत।** तिलवारा के विसर्जन कुंड से एक महिला ने छलांग लगा दी। मामला रविवार की शाम का है। महिला जमीन पर गिरी और घटना स्थल पर ही उसकी दर्दनाक मौत हो गयी। जिसके बाद स्थानीय लोगों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर, मामला जांच में लिया है। प्रारंभिक पड़ताल में यह तथ्य सामने आए है कि महिला तनाव में थी और अपना मानसिक संतुलन खो चुकी थी। जानकारी अनुसार पुलिस ने बताया कि सूचना मिली कि विसर्जन कुंड के पास पुल से कूंदी महिला का लहूलुहान शव पड़ा हुआ है। जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने पड़ताल की तो पता चला कि मृतिका अनुजा खत्री 53 साल पति स्व. संजय खत्री नेपियर टाउन की निवासी है। घटना के बाद उनके परिजनों को मौके पर



सूचना दी गई। जिसके बाद पता चला कि मृतिका का मानसिक संतुलन ठीक नहीं था। जिसके बाद ही उसने यह आत्मघाती कदम उठाया है। फिलहाल मामले की पड़ताल जारी है। अब पूरी जांच के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

# मेडिकल में अधेड़ की मौत : 108 वाहन से किया था भर्ती, नहीं हो सकी शिनाख्त

**जबलपुर, यशभारत।** माढ़ोताल थाना अंतर्गत रोड पर पड़े एक अधेड़ को 108 से मेडिकल में भर्ती किया गया था, जिसकी इलाज के दौरान मौत हो गयी। लेकिन अधेड़ कौन है और कहां का निवासी है, इस विषय में कोई जानकारी नहीं है। पुलिस ने बताया कि कल सूचना मिली थी कि एक अधेड़ को मेडिकल में भर्ती कराया गया है, जिसकी इलाज के दौरान मौत हो गयी। लेकिन अभी तक अधेड़ की शिनाख्त नहीं हो सकी है। इस हेतु



सभी थाने में अधेड़ की फोटो भेजी गई है, ताकि मामले में जानकारी मिल सके। फिलहाल पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर, शव को पीएम हेतु भेजते हुए मामले की पड़ताल शुरु कर दी है।

### गढ़ा में 1 लाख का गांजा पकड़ा

# बजरंग पहाड़ी में उतारा जाता है गांजा फिर गुर्गों को होता है सप्लाई

**जबलपुर, यशभारत।** गढ़ा पुलिस ने एक गांजा तस्कर को गिरफ्तार किया है। नशे के कारोबार में लिप्त तस्कर के तार मध्यप्रदेश सहित अन्य



राज्यों तक हैं। गढ़ा पुलिस ने बजरंग पहाड़ी में दबिश देते हुए युवक को 8 किलो गांजा के साथ दबोचा है। इसके साथ ही प्रारंभिक जांच में यह बात भी सामने आ रही है कि गढ़ा की बजरंग पहाड़ी में अक्सर गांजा की खेप उतारी जाती है और फिर यहीं से ही सप्लाई का गोरखधंधा किया जाता है। हांलाकि पुलिस इस पर जांच कर रही है, साथ ही पकड़े गए तस्कर से पूछताछ में यह पता लगाने में चुटी है कि वह गांजा किससे खरीदता था और उसके पास गांजा कहां से आता था। गढ़ा थाना एसआई ब्रजेन्द्र तिवारी ने बताया कि पुलिस को शाम को सूचना मिली कि एक बाइक सवार गांजा तस्कर खेप लेकर आ रहा है, जो बजरंग पहाड़ी में ग्राहक से मिलेगा। जिसके बाद तत्काल पुलिस ने टीम बनाकर पहाड़ी को घेर लिया। कार्रवाई में प्रशांत शुक्ला और स्टॉफ की भूमिका रही।

#### बाइक से आया तस्कर

पुलिस ने बताया कि गांजा तस्कर बाइक क्रमांक एमपी 20 केएन 1629 से आया और मोबाइल पर बात करने लगा। जिसके बाद तत्काल पुलिस ने तस्कर मोसिम अंसारी को दबोच लिया। जिसके कब्जे से पिट्ठू बैग में गांजा बरामद किया। जो तौल करने पर आठ किलो निकला। जिसकी कीमत करीब एक लाख रुपए के ऊपर आंकी जा रही है। तस्कर यहां किससे मिलने आया था और गांजा की खेप यहां आई कहां से, पुलिस मामले की पड़ताल कर रही है।

### मेडिकल में कैंसर मरीज के परिजन परेशान



# बैठने तक की जगह नहीं, सुनने वाला कोई नहीं

**जबलपुर, यशभारत। नेताजी सुभाषचंद्र मेडिकल कॉलेज का कैंसर विभाग भगवान भरोसे हो गया है, यहां पहुंचने वाले मरीजों की सारी व्यवस्थाएं बेपटरी है।**

यहां तक की मरीज के परिजनों को बैठने तक की जगह नहीं है। जानकर हैरानी होगी कि परिजन इस बात की शिकायत मेडिकल प्रबंधन से अनेक बार कर चुके है, लेकिन उनकी इस समस्या की तरफ किसी ने ध्यान नहीं दिया है।

उल्लेखनिय है मेडिकल अस्पताल में जबलपुर सहित संभाग के समस्त जिलों से कैंसर पीड़ित मरीज इलाज के लिए पहुंचते है। मरीज और उनके परिजन यहां इस आस से पहुंचते है कि उन्हें उचित इलाज, बेहतर व्यवस्थाएं मिलेंगी। लेकिन जब यहां मेडिकल कॉलेज जबलपुर आते है तो उनके होश उड़ जाते है, क्योंकि जिस तरीके से कैंसर मरीज को खोखला कर देता है, उसी तरीके से यहां की व्यवस्थाएं परिजनों को परेशान कर देती है। इसका खुलासा तक हुआ जब सोमवार को कुछ परिजनों ने मूलभूत व्यवस्थाओं को लेकर विरोध जताया।

# कटंगी बाइपास में लोडिड वाहन ने मारी टक्कर: युवक की मौत

**जबलपुर, यशभारत।** माढ़ोताल के कटंगी बायपास में एक युवक को लोडिड वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह उछलकर सड़क के दूसरी ओर सिर के बल जा गिरा। जिसे आनन-फानन में 108 से मेडिकल अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी।



जानकारी अनुसार शरद बर्मन 33 साल पिता रामस्वरुप बर्मन इमलिया मोड का निवासी है। जो कटंगी बायपास से दरमियानी रात अपने घर जा रहा था, तभी एक अज्ञात लोडिड वाहन ने युवक को टक्कर मार दी। जिससे वह रोड पर गिर गया। राहगीरों और आसपास के लोगों ने अधेड़ के एक्सीडेंट की सूचना पुलिस को दी और घायल को मेडिकल अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां उसकी दर्दनाक मौत हो गयी। पुलिस ने शव को पीएम हेतु भेजते हुए मर्ग कायम कर, मामला जांच में लिया है।

### एरिया वैक्सीन डिस्टीब्यूटर को 3 माह से नहीं मिला वेतन

# चरगवां-भिड़की के गांवों में आज नहीं पहुंची वैक्सीन

**जबलपुर, यशभारत।** कोरोना वैक्सीन कार्य में सोमवार को चरगवां और भिड़की में लापरवाही देखने को मिली। स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों ने वेतन नहीं मिलने से आज सोमवार को दोनों क्षेत्रों में वैक्सीन पहुंचाने का काम नहीं किया। कर्मचारियों का कहना था कि 14 साल से वैक्सीनेशन डिब्बों को गांव-गांव पहुंचा रहे हैं लेकिन वेतन आज तक नहीं बढ़ा। हद तो तब हो गई जब 3 माह से वेतन नहीं दिया जा रहा है। एरिया वैक्सीन डिस्टीब्यूटर नारायण राजपूत, गनपत सिंह



एरिया वैक्सीन डिस्टीब्यूटर ने नहीं पहुंचाई पैक्सीन



ठाकुर ने बताया कि कोरोना संक्रमण की शुरूआत के दिनों से ही वैक्सीन के डिब्बे गांव-गांव पहुंचा रहे हैं। पहले तो सभी माह का वेतन मिल रहा था लेकिन बीते तीन माह से वेतन नहीं मिल रहा है। अधिकारियों से वेतन के लिए कहा गया तो वह आश्वासन दे रहे हैं कि मिल जाएगा। लेकिन आश्वासन से कुछ नहीं होता है क्योंकि रोजाना पेट्रोल लग रहा है ऐसी स्थिति में वैक्सीन गांव-गांव पहुंचाना कठिन हो रहा है। अगर वेतन नहीं मिलेगा तो वैक्सीन गांव-गांव नहीं पहुंचाई जाएगी।
















स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं 160/जी, जेडीए योजना क्रमांक 11 सेकेण्ड फेस, शताब्दीपुरम, विवेकानंद वार्ड, जबलपुर से प्रकाशित। सम्पादक श्याम कटारे*। फोन (0761) 2643333, 2646666, फैक्स : 4084085।
डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/26/19-21 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/18675. email - jabalpur@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)